फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 354 प्रभात जयपुर, शनिवार 26 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Sawan Ka Bazaar And The Perfect Ghewar**

At Haldiyon ka Rasta, Ajit Mal Ji's Sambharwala Sweets, the assistant greets me with laughter. They swear their Ghewar is better than Bhawar Ji's

**There Is Hope For Dyeing In Jaipur**

The Untold Story of Jaipur's Master Dyers: A Legacy in Every Thread

# सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरी, 7 बच्चों की मौत, 28 घायल

## मनोहरथाना के पिपलोदी में आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाया व पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ीं

झालावाड़, 25 जुलाई (निसं)। राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई है, और 28 बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से 9 की हालत गंभीर है। शुक्रवार सुबह मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की इमारत ढह गई, जिसमें 35 बच्चे दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल पहुँचाया।

- **आठवीं कक्षा की छात्रा ने बताया कि छत से छोटे पत्थर व रेत गिरने लगी, शिक्षकों को बताया तो उन्होंने डांट कर बैठा दिया और खुद बाहर बैठकर पोहे-जलेबी का नाश्ता करने लगे, तभी इमारत भरभरा कर गिर गई और 35 बच्चे दब गये।**
- **आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक व घायल बच्चों के परिजनों को मुआवज़ा तथा भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की माँग की। शिक्षा विभाग ने पाँच शिक्षकों को निलम्बित किया।**

मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार, 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, और 2 बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, "इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारजनों के साथ हैं।"

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया: "राजस्थान के झालावाड़ में एक स्कूल में हुई दुर्घटना दुखद और अत्यंत पीड़ादायक है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल छात्रों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। प्रशासन प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।"

पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्रामीण सुबह से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके कारण कई रास्ते भी बंद किए गए। पिपलोदी गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर अधिक समय नहीं रुके तथा पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने ही मोर्चा संभाला।

गांव वालों ने बताया कि सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो क्लासों के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने के बजाय कमरे में बैठा दिया गया, ताकि वे भीगें नहीं। इसके कुछ ही देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। गांव वालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम हैं। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे और सुरक्षित हैं। दुर्घटना के समय स्कूल में मौजूद आठवीं क्लास में पढ़ने वाली वर्षा ने बताया कि जब छत गिरी, उस समय वह भी क्लासरूम के अंदर बैठी हुई थी। उसने देखा कि छोटे-छोटे पत्थर और रेत छत से गिरने लगे। उसने स्कूल में मौजूद शिक्षकों को बताया कि पत्थर गिर रहे हैं तो शिक्षकों ने डांट -फटकार कर अंदर बैठ जाने को कहा और शिक्षक बाहर बैठकर पोहे और जलेबी का नाश्ता करने लगे। इसी बीच इमारत भरभरा कर गिर गई और बच्चे दब गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल के समीप मुख्यमार्ग के गुराड़ी चौराहे पर टायर जलाकर जाम लगा दिया तथा रास्ते पर विद्युत पोल डाल दिए और चौराहे पर ही धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोग एक करोड़ मुआवज़ा और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस हादसे में जिन बच्चों की जान गई है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। इसके लिए मृतक बच्चों के परिजनों को 1 करोड़ और घायल बच्चों के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए। इसके अलावा, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की गई। ग्रामीणों ने भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की।

एक बार तो प्रदर्शनकारी अचानक उग्र हो गए और पुलिस की गाड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया, ड्राइवर गाड़ियां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मानवाधिकार आयोग ने स्कूल भवन गिरने का प्रसंज्ञान लिया

जयपुर, 25 जुलाई। राज्य मानवाधिकार आयोग ने झालावाड़ में सरकारी स्कूल भवन गिरने से मासूमों की मौत के मामले में प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही, आयोग ने झालावाड़ जिला मजिस्ट्रेट, शिक्षा निदेशक, एसपी और डीईओ को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों को कहा है कि घायलों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा दिलाई जाए। इसके साथ ही,

- **आयोग ने दोषियों पर तुरंत कार्यवाही करने व पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने को कहा।**

आयोग ने घटना के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने, साथ ही पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने को कहा है। आयोग ने अधिकारियों से 7 अगस्त को प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट आयोग के समक्ष पेश करने को कहा हैं। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने ये आदेश प्रकरण की प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर कार्रवाई करते हुए दिए।

आयोग ने कहा कि स्कूलों की छतों पर गंदगी साफ नहीं होने से हर साल मानसून में यहां पानी भर जाता है, जिससे छत धीरे-धीरे जर्जर हो जाती है। यह बड़े दुख की बात है कि स्कूल के भवनों का रखरखाव भी निश्चित समयावधि में ठीक से नहीं किया जाता। इसी के चलते इस स्कूल में छत गिरने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोमवार से संसद में गतिरोध खत्म होगा?

## बताया जाता है कि लोकसभाध्यक्ष द्वारा आहूत सर्वदलीय बैठक में यह समझौता हुआ है, विपक्ष व सरकार के बीच

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद में चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए आज सभी दलों के सांसदों की बैठक बुलाई, क्योंकि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार विपक्षी सांसदों के विरोध के कारण स्थगित हो रही थी, विशेषकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर।

- **28 जुलाई से लोकसभा में "ऑपरेशन सिंदूर" पर बहस होगी तथा राज्यसभा में भी बहस 29 जुलाई को आरंभ होगी तथा नौ घंटे का समय आवंटित है, राज्यसभा में इस बहस के लिए।**
- **शुक्रवार को दोपहर दो बजे बाद, दोनों सदनों में कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। जैसा कि विदित ही है, प्र.मंत्री मोदी शनिवार शाम तक विदेश यात्रा से लौटेंगे तथा संभवतया सोमवार से संसद की कार्यवाही में भाग लेंगे।**

बैठक में बिड़ला ने सांसदों से संसद को सुचारू रूप से चलने देने की अपील की। उन्होंने सदन की गरिमा बनाए रखने और प्रश्नकाल तथा विधायी कार्यवाही को चालू रखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उम्मीद है कि संसद में चल रहा गतिरोध सोमवार को समाप्त हो जाएगा।

बैठक में यह भी तय हुआ कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा 28 जुलाई से शुरू की जाएगी। लोकसभा में इसके लिए 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे निर्धारित किए गए हैं।

शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, क्योंकि नाराज़ विपक्ष ने संसद नहीं चलने दी, यहाँ तक कि निजी सदस्यों के कार्य दिवस पर भी चर्चा नहीं होने दी।

इस सप्ताह मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई, जबकि राज्यसभा मंगलवार से स्थगित रही।

सत्र के पहले पाँच दिनों, 25 जुलाई तक, में कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकवादी हमला और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर ध्यान देने की मांग को लेकर विरोध किया। उनका आरोप है कि मतदाता पुनरीक्षण से बड़ी संख्या में मतदाताओं की नागरिकता खतरे में पड़ सकती है।

बैठक में यह सहमति बनी कि सोमवार को सुबह 11 बजे से दोनों सदनों की कार्यवाही फिर से शुरू की जाएगी।

लोकसभा में 28 जुलाई से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होने की उम्मीद है, और राज्यसभा 29 जुलाई को इस पर विचार करेगी।

इस दौरान, सदन के भीतर और बाहर विपक्ष द्वारा उठाए गए मतदाता सूची पुनरीक्षण और विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर लगातार समन्वय और चर्चा जारी रही।

हालांकि तनाव अभी भी बना हुआ है, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने अपनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना और आंध्र की विधानसभा सीटें बढ़ाने की याचिका खारिज की

## इन राज्यों ने माँग की थी, कि कोर्ट केन्द्र सरकार को परिसीमन शुरु करने के लिए निर्देश दे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केन्द्र सरकार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

- **याचिकाकर्ता राज्यों का तर्क था कि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में परिसीमन कराना तथा आंध्र व तेलंगाना को इससे बाहर रखना अविवेकपूर्ण, असंगत व संविधान विरूद्ध है।**
- **लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में परिसीमन के नियम अलग हैं, इसलिए जम्मू-कश्मीर के साथ आंध्र व तेलंगाना में परिसीमन नहीं करना केन्द्र सरकार का पक्षपात पूर्ण कदम नहीं है।**

यह फैसला न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। यह रिट याचिका प्रोफेसर (डॉ.) के. पुरुषोत्तम रेड्डी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केन्द्र को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 को लागू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि केवल नवगठित केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में ही विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन करना, जबकि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को इससे बाहर रखना, असंगत तथा अविवेकपूर्ण वर्गीकरण है और इसलिये यह संविधान के विरुद्ध है।

लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से की गई तुलना तथा भेदभाव की दलील को इस आधार पर खारिज कर दिया कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में परिसीमन से संबंधित प्रावधान अलग हैं, और इसलिए जम्मू-कश्मीर के लिए जारी परिसीमन अधिसूचना से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को बाहर रखना न तो मनमाना है और न ही भेदभावपूर्ण।

## एसआई परीक्षा पेपर लीक मामले की सुनवाई 28 जुलाई को

जयपुर, 25 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में सुनवाई जारी है। अगली सुनवाई सोमवार 28 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान, शुक्रवार को जस्टिस समीर जैन की अदालत ने मामले की "इन-कैमरा" सुनवाई की। इस दौरान केस से जुड़े वकीलों के

- **हाई कोर्ट में आरपीएससी सचिव से सवाल जवाब हुए।**

अलावा अन्य किसी को अदालत कक्ष में रुकने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं, अदालती आदेश की पालना में आरपीएससी के सचिव पेश हुए। अदालत ने उनसे भर्ती को लेकर सवाल-जवाब किए।

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट में बीते कई दिनों से प्रकरण में सुनवाई चल रही है। मामले में याचिकाकर्ता कैलाश चन्द शर्मा व अन्य का कहना है कि भर्ती परीक्षा का पेपर व्यापक स्तर पर लीक हुआ है और कई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में पेश नहीं होगा

## हालांकि इस्तीफे से पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष का महाभियोग प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी घोटाले को लेकर लाया गया महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में स्वीकृत नहीं हुआ, हालांकि राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने इसकी अनुमति दे दी थी।

- **समझा जाता है कि धनखड़ के इस कदम के बारे में सरकार को जानकारी नहीं थी, कहा जाता है कि संभवतया इसीलिए उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।**
- **सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ पार्टी ने मानसून सत्र शुरु होने से पहले ही महाभियोग प्रस्ताव तैयार कर लिया था। भाजपा ने इस पर सर्व सम्मति बनाने क लिए विपक्षी दलों से भी से सम्पर्क किया था और कुछ विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे।**
- **चर्चा है कि महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में पेश होगा और स्पीकर बिड़ला एक जाँच कमेटी बनाएंगे, कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही वे तय करेंगे कि महाभियोग की सिफारिश की जाए या नहीं।**

अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एक समिति का गठन करेंगे, जो न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करेगी और, यदि पर्याप्त आधार मिला, तो महाभियोग की सिफारिश करेगी।

सूत्रों के अनुसार, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा, जिनके दिल्ली उच्च न्यायालय में कार्यरत रहने के दौरान उनके आवास से मार्च में जली हुई नकदी के ढेर बरामद हुए थे, के महाभियोग की कार्यवाही को अब लोकसभा में सरकार द्वारा लाये जाने वाले प्रस्ताव के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा स्वीकार किए गए विपक्ष समर्थित महाभियोग प्रस्ताव को अब खारिज कर दिया जाएगा, क्योंकि इसे औपचारिक रूप से सदन में प्रस्तुत नहीं किया गया था। सूत्रों के अनुसार, धनखड़ के इसी कदम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नाराज़ हो गई थी और इसी वजह से धनखड़ को इस्तीफा देना पड़ा था।

महाभियोग की प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ाई जाये, ताकि विपक्ष को "भ्रष्टाचार-विरोधी मुहिम" का लाभ लेने से वंचित किया जा सके, इसके लिये बुधवार को सरकार ने एक मीटिंग की।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा स्वयं को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर सख्त रुख दिखाने के मामले में (विपक्ष से) आगे दिखाना चाहती है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव, इस वर्ष बिहार में और अगले साल बंगाल व तमिलनाडु में, से पहले भ्रष्टाचार-विरोधी संदेश दिया जा सके।

सत्तारूढ़ पार्टी ने 21 जुलाई, सोमवार से शुरु हुए संसद के मानसून सत्र से पहले ही महाभियोग प्रस्ताव तैयार कर लिया था। भाजपा ने विपक्षी दलों से संपर्क भी साधा था, ताकि सर्वदलीय सहमति बन सके, और कुछ विपक्षी सांसदों ने सरकार के उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर भी कर दिये थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## धनखड़ को विदाई भोज देगा विपक्ष

नई दिल्ली, 25 जुलाई। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार (21 जुलाई, 2025) को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मूको अपना त्याग पत्र भेजकर तत्काल पद छोड़ने की बात

- **पर, धनखड़ विपक्ष का न्यौता स्वीकार करेंगे, इसके बारे में अभी कुछ भी तय नहीं है।**

कही थी। उनके इस अचानक लिए गए फैसले ने सत्ता पक्ष और विपक्ष में सभी को चौंका दिया।

इस बीच विपक्षी दलों ने जगदीप धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित किया है। विपक्षी दलों ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# "उदयपुर फाइल्स" को सशर्त रिलीज़ की अनुमति मिलेगी?

## केन्द्रीय सरकार ने पिक्चर को पुन: देखकर कुछ परिवर्तन की सलाह दी थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार से सुनवाई शुरू करे।

यह निर्देश केन्द्र सरकार द्वारा कुछ संशोधनों के साथ फिल्म की रिलीज़ की अनुमति देने के बाद दिया गया। फिल्म उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल की दिन दहाड़े की गई नृशंस हत्या पर आधारित है, जिसमें उन्हें भाजपा नेताओं के भाषणों पर आधारित नारे लगाते हुए दिखाया गया है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे पहले हाईकोर्ट में अपनी याचिका रखें, क्योंकि फिल्म निर्माता केन्द्र सरकार के आदेश से संतुष्ट हैं और अब सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

कोर्ट ने टिप्पणी की:

"पहले हाईकोर्ट जाइए, वहां बहस कीजिए और फिर ज़रूरत हो तो यहां आइए। अब फिल्म निर्माता कह रहे हैं कि वे संतुष्ट हैं और याचिका वापस लेना चाहते हैं, तो आप लोग भी हाईकोर्ट जाइए। हमारा समय क्यों बर्बाद कर रहे हैं?"

फिल्म की रिलीज़ के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर की गई थीं।

फिल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाई गई थी और केन्द्र सरकार को इसकी पुन: समीक्षा करने के लिए कहा गया था।

बाद में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को फिल्म की जांच करने की अनुमति दी। इसके तहत नियुक्त एक पैनल ने कुछ संशोधन सुझाए, जिनके बाद सरकार ने रिलीज़ को मंज़ूरी दी।

- **ये परिवर्तन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोड्यूसर को पुनः हाई कोर्ट जाने के आदेश दिये।**
- **पिक्चर की रिलीज़ के खिलाफ याचिका दायर करने वाले जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मदनी ने इस सशर्त रिलीज़ को भी चुनौती देने की बात कही है।**
- **फिल्म में प्रोड्यूसर के अधिवक्ता ने पिक्चर के खिलाफ और आगे स्थगन आदेश देने का विरोध किया।**
- **अधिवक्ता के अनुसार, मदनी सुपर सैंसर जैसे व्यवहार कर रहे हैं।**
- **सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कांत ने इस पर कटाक्ष किया कि प्रोड्यूसर को लाभ ही हो रहा है, मुकदमा चलते रहने से, उसकी पिक्चर को पब्लिसिटी ही मिल रही है।**

फिल्म के विरोध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और कन्हैयालाल हत्या मामले के एक आरोपी मोहम्मद जावेद ने याचिकाएं दायर की थीं।

अब उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा दी गई मंज़ूरी को चुनौती देने की घोषणा की है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (मदनी की ओर से) और मेनका गुरुस्वामी (जावेद की ओर से) ने कहा कि वे इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

ज्ञातव्य है कि कन्हैयालाल की जून 2022 में दो लोगों ने हत्या कर दी थी, जब उन्होंने भाजपा नेता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान का समर्थन करते हुए एक वॉट्सऐप स्टेटस डाला था।

'उदयपुर फाइल्स' को पहले 11 जुलाई को रिलीज़ किया जाना था।

रिलीज़ से कुछ दिन पहले मौलाना मदनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, उन्होंने कहा कि यह फिल्म मुस्लिम समुदाय को बदनाम करती है।

हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाई, ताकि सरकार सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा 6 के तहत अपनी पुनरीक्षण शक्तियों का उपयोग कर सके।

इस रोक को चुनौती देते हुए फिल्म निर्माता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामला फिर से हाईकोर्ट को सौंप दिया है।

फिल्म निर्माता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने आगे कोई रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा: "सुप्रीम कोर्ट हमेशा ऐसी रोक को हटाता रहा है। क्यों फिर से रोक लगे?

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विपक्ष ने संसद परिसर में मार्च निकाला

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए शुक्रवार को संसद भवन परिसर में मार्च निकाला।

- **इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका सहित कई बड़े नेता शामिल हुए और इन्होंने बिहार मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ नारे लगाए।**

विपक्षी सांसदों ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा से संसद भवन के 'मकर द्वार' तक मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता एवं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

विजय गर्व और प्रतिष्ठा के साथ आती है पर यदि उसकी रक्षा पौरुष के साथ न की जाय तो अपमान का ज़हर पिला कर चली जाती है। –मुक्ता

# देश व लोकतंत्र के हित में चुनाव आयोग केवल सक्रिय ही नहीं, किंतु निष्पक्ष भी हो और ऐसा दिखे भी

लगभग निम्न आशय की बात चुनाव आयोग के हवाले से प्रिंट, टीवी व सोशल मीडिया में घूम रही है ::---

पर उठाए जा रहे बेबुनियादी सवालो से डरकर, चुनाव आयोग ऐसे लोगों के बहकावे में आकर --

1. मरे हुए मतदाताओं
2. स्थाई तौर से प्रवास के गए मतदाताओं
3. दो जगह वोट बनवा चुके मतदाताओं
4. फर्जी मतदाताओं
5. विदेशी मतदाताओं के नाम पर फर्जी बात डालने वाले लोगों को

पहले बिहार में और फिर पूरे देश में, संविधान के विरुद्ध जाकर बात डालने की अनुमति दें???

चुनाव आयोग भारतीय संविधांन के अंतर्गत गठित एक शक्तियुक्त आयोग है जिस पर देश में निष्पक्ष चुनाव करने का बहुत बड़ा दायित्व है। राजनीतिक दलों को भी बिना बात उसकी गरिमा को बेवजह ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए, यह बात तो सामान्य से सामान्य बुद्धि वाला व्यक्ति भी मानेगा।

किंतु उतना ही महत्वपूर्ण यह भी है कि चुनाव आयोग भी पूर्ण निष्पक्षता से अपना दायित्व निभाए।

कौन इस से असहमत होगा कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों से हटे। यह रूटीन एक्सरसाइज चुनाव आयोग नियमित रूप से करता आया है, किसी ने प्रश्न उठाया क्या कि ऐसा नहीं किया जाए?? तो फिर यह प्रश्न ही क्यों??

इसी प्रकार जिन मतदाताओं का नाम दो जगह मतदाता सूचियों में है उनका नाम एक जगह से विलोपित होना चाहिए किन्तु ऐसे व्यक्ति को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वह किस स्थान पर मतदान करना चाहता है?? क्या नहीं हो ऐसा?? जिन लोगों को रोजी-रोटी व सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए ग्रामीण व शहरी दोनों जगह रहना रहना पड़ता है जैसे कि अल्पायभोगी दिहाड़ी काम वाले लोग, किसान - मजदूर आदि। सामान्य बुद्धि तो कहती है मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करते वक्त ऐसे चिन्हित लोगों को अवसर दें कि वे कहां के मतदाता रहना चाहते है? केवल बीएलओ के द्वारा भरे या भराये गए गणना पत्र के आधार पर नाम काटना सरासर अन्याय होगा और सुनाव आयोग की साख भी कुछ तो कम होगी ही, चुनाव आयोग माने या न माने।

इसी प्रकार जिन मतदाताओं में स्थाई तौर पर पुराना निवास छोड़ कर नई जगह रहना शुरू कर दिया उनका नाम भी हटना चाहिए और मैं समझता हूं किसी राजनीतिक दल ने इसका विरोधी नहीं किया है। किंतु ऐसे मामलों में पूर्णतः निष्पक्ष रूप से जांच तो होनी चाहिए कि यह तथ्य सही है या BLO की लापरवाही है या कहीं BLO या BLA की मिलीभगत तो नहीं है, किसी दूसरे पक्ष के वोटर्स का नाम कटवाने की???

**जो समाचार है उनके अनुसार, आयोग को ज्ञात हुआ है कि विदेशी व फर्जी मतदाताओं के वोट दूसरे लोग डालते है। यह तो अत्यंत ही गंभीर बात आयोग में बताई है। फिर तो पूरी चुनाव प्रक्रिया ही संदेह के घेर में आ जाएगी? अगर आयोग के हवाले से छपी खबर सही है तो फिर आयोग को पता है कि किन फर्जी व विदेशियों के वोट कौन डालता, डलवाता है???? फिर तो आयोग विस्तृत सूचनाएं देश के सामने आने दे।**

हर चुनाव के बाद पोलिंग बूथ के बाहर ऐसे व्यक्ति शिकायत करते मिलते है कि पहले उसका नाम था अब नहीं, क्यों??

और अब आयोग के द्वारा, मतदाता सूचियों में से फर्जी व विदेशी मतदाताओं के हटाने की बात पर विचार करे। शायद ही कोई असहमत होगा कि फर्जी व विदेशी लोगों के नाम मतदाता सूचियों में से हटने चाहिए? प्रश्न यह है कि आयोग ने यह प्रश्न पूछा क्यों? सबसे पहले आयोग ही स्पष्ट करे कि फर्जी और विदेशी मतदाताओं की पहचान कैसे की? ऐसे लोगों की सूची जारी करे जिन्हें आयोग फर्जी या विदेशी मानता है और उसके आधार बताए।

ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची में, निम्न कारणों से होना संभव है ::-- की निष्क्रियता, लापरवाही के कारण या फिर BLO और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की मिलीभगत हो। यह मिली भगत पहले संभव थी तो अब भी हो सकती है। बहुत से लोगों को झूठमूठ मृत बताया जा सकता है, निवास छोड़कर अन्यत्र बसाना बताया जा सकता है।

इसलिए आयोग को आगामी एक माह में ऐसे समस्त लोगों जिन्हें मृत या निवास छोड़ गए बात रहे है, उनकी बूथवार सूची बूथ पर, पंचायतों में, पटवारियों के पास, तहसील कार्यालयों में व पॉलिटिकल पार्टियों को उपलब्ध करानी चाहिए ताकि जिन को आपत्ति हो वे आपत्तियां दर्ज कर सकें।

जो समाचार है उनके अनुसार, आयोग को ज्ञात हुआ है कि विदेशी व फर्जी मतदाताओं के वोट दूसरे लोग डालते है। यह तो अत्यंत ही गंभीर बात आयोग में बताई है। फिर तो पूरी चुनाव प्रक्रिया ही संदेह के घेर में आ जाएगी?

अगर आयोग के हवाले से छपी खबर सही है तो फिर आयोग को पता है कि किन फर्जी व विदेशियों के वोट कौन डालता-डलवाता है???? फिर तो आयोग विस्तृत सूचनाएं देश के सामने आने दे।

चलते-चलते, आम आदमी की जिज्ञासा है कि कौन देश का नागरिक कोन विदेशी, इसकी पहचान कौन दफ्तर कौन अधिकारी करते हैं? नागरिक होने का प्रमाण पत्र लेना हो तो चुनाव कार्यालय में दरख्वास्त दें या अब जो वोटरलिस्ट जारी करेगा आयोग वही प्रमाण पर्याप्त होगा नागरिकता दिखाने के लिए। वैसे कानून जानने वाले लोग मानते है कि चुनाव आयोग को नागरिकता की जांच का अधिकार नहीं। अब यह सही है या नहीं यह तो सुप्रीम कोर्ट या सरकार या चुनाव आयोग जाने।

यों ही, एक बात सुनते आए है कि न्याय हो यही पर्याप्त नहीं, न्याय होता दिखना भी चाहिए। एक न्यायाधिकारी के सामने मुकदमा पेश होने के बाद सभी पक्षकारों और उनके पैरवी कर्ताओं को सुना जाता है। फैसले में सारी बातें विस्तार से लिखी जाती है। जो भी कानून के बातें कही जाती है वे लिखी जाती है। इन सभी पर न्यायाधीकारी अपना मत व्यक्त कर फैसला देता है। इस से न्याय हुआ दिखता है। फैसला तो यों भी हो सकता है कि सब को सुनने के बाद यह मानता हूं कि यह यह बात सही है और यह आदेश दिया जाता है ----? नहीं? किंतु नहीं क्यों कि ऐसा करने से न्याय होता दिखता नहीं।

अल्पज्ञानि सामान्य आदमी का तो मानना है कि यह बात चुनाव आयोग भी लागू होती है। चुनाव आयोग कोई छोटे अधिकारियों का दफ्तर नहीं जहां कोई गलती कर दे तो ऊपर के दफ्तरों में जाने के रास्ते है। यदि चुनाव आयोग मतदाताओं का नाम बिना पूर्ण- विस्तृत जांच के नाम काटी दे तो लोकतंत्र में इस से घातक ओर क्या बात होगी??

चुनाव आयोग का सम्मान होना ही चाहिए किंतु इसके लिए आयोग को भी निष्पक्ष दिखना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह, पूर्व आइ ए एस**

# दहेज : परम्परा या अभिशाप?



अर्पिता माथुर

क्या हम सच में चाँद पर पहुँच गए हैं या अब भी पुरानी सोच में जकड़े हैं?।

"सोचिए, जिस लड़की ने तीन साल पहले अपने सपनों की शादी की थी, वही दहेज के बोझ से दबकर अपनी जान दे बैठी।"

राजस्थान के जयपुर में हाल ही में दो विवाहित महिलाओं की मौत की खबर आई। वैशाली नगर में तीन साल पहले लव मैरिज करने वाली महिला ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। वहीँ दूसरी ओर श्याम नगर में एक और विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई जहाँ पीहर पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया। ये घटनाएँ चौंकाती हैं और सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम सच में चाँद पर पहुँच गए हैं या अब भी पुरानी सोच में जकड़े हैं?। और भी कई ऐसी घटनाओ ने समाज को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हम चाहे चाँद तक पहुँच जाए लेकिन समाज की कुछ रीति-रिवाजों का बोझ जीवन भर सहना पड़ेगा। वैसे रीति-रिवाजों के विरोध में नहीं हूँ मैं लेकिन कुछ रीति-रिवाज़ों का अपना ऐतिहासिक महत्त्व रहा है, बस समाज ने बिना ज्ञान के अपनी मानसिकता के बल पर अन्य प्रकार से उन्हें ग्रहण किया है और अब आने वाली पीढ़ी पर थोप रहे हैं।

न केवल भारत में बल्कि यूरोप, अफ्रीका और दुनिया के अन्य भागों में भी दहेज प्रथा का लम्बा इतिहास है। भारत में इसके और भी कई नाम है जैसे हुँडा या वर-दक्षिणा। इतिहास में इसे एक परम्परा के रूप में देखा जाता था जिसका ऐतिहासिक सन्दर्भ कई लेखों और चित्रों में भी मिलता है। जिसे यहाँ प्रदर्शित करना एक नयी बहस शुरू कर देगा। क्यूंकि मेरा और मेरे जैसे कितने पत्रकारों का यही मकसद रहने वाला है कि इस प्रथा को सही ढंग से प्रस्तुत किया जाये न कि जंग से प्रस्तुत किया जाए.. खैर.. भारत में दहेज, भले ही वर्ष 1961 से दहेज निषेध अधिनियम के तहत अवैध घोषित है, फिर भी इसे आज भी एक सामाजिक प्रथा के रूप में देखा जाता है। वधू यानि लड़की के परिवार द्वारा नक़द या वस्तुओं के रूप में यह वर यानि लड़के के परिवार को दिया जाता है। कई परिवार इसे विवाह का जरुरी हिस्सा मानते हैं और अक्सर इसे उपहार का नाम देकर रूप में ढाब दिया जाता है। समाज में अभी भी ये मानसिकता नजर आती है जहाँ उस लड़की की अहमियत उसके जीवन की उपलब्धियों से नहीं, उसकी शिक्षा से नहीं, उसके संस्कारों से नहीं नापी जाती है, बल्कि वह कितना दहेज लेकर आई, इससे तय की जाती है। और इसी दबाव के कारण परिवार दहेज की मांगों को पूरा करने के लिये मज़बूर हो जाते हैं, और यही मजबूरी बन जाती है बेटियों की ज़िन्दगी का कलंक उत्पीड़न, हिंसा और मौत के रूप में। कुछ बेटियां संस्कारों और माता पिता के सम्मान को बचाने के बोझ तले पूरी ज़िन्दगी गुजार देती है।

आंकड़ों की बात की जाए तो साल 2017 से 2022 के बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार भारत में हर साल औसतन 7,000 दहेज से संबंधित हत्याएँ दर्ज हुईं। वैसे में ये कहूँगी की के आँकड़ें अपवादित भी हो सकते है क्योंकि दहेज से होने वाली अनेक मौतें रिपोर्ट ही नहीं की जातीं, जो इस समस्या की गंभीरता और हम अपने अधिकारों के प्रति कितने जागरूक है उसकी तरफ एक इशारा है। वहीं दहेज के लिए तंग करने पर कानून सख्त सज़ा देता है जैसे धारा 498-ए: अगर पति या उसके घरवाले दहेज की मांग करके पत्नी को परेशान करें, तो उन्हें 3 साल तक जेल और जुर्माना हो सकता है।

धारा 406: अगर पत्नी का गहना या उसका सामान वापस नहीं करते, तो 3 साल तक जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। धारा 304-बी: अगर शादी के 7 साल के अंदर दहेज की वजह से महिला की संदिग्ध मौत हो जाए, तो 7 साल से लेकर उम्रकैद तक की सज़ा हो सकती है। हालांकी दहेज का विवाह के साथ अटूट संबंध है लेकिन दहेज निषेध अधिनियम, 1961 का अनुच्छेद 3 निर्दिष्ट करता है कि दहेज देने या लेने का दंड उन उपहारों पर लागू नहीं होता है जो दूल्हा या दुल्हन को शादी के समय दिए जाते हैं जब उनकी कोई मांग नहीं की जाती है।

गाँव हो या शहर, अमीर हो या गरीब - दहेज प्रथा की जड़ें बहुत गहरी हैं जिसका दूसरा छोर ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेगा। जहाँ एक और महिलाओं को अब भी यानि मॉडर्न समाज में दहेज के लिये उत्पीड़न, मारपीट और आत्महत्या जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जबकि जाँच प्रक्रियाएँ इतनी लंबी होती हैं की दोषियों को सजा मिलना और बेक़सूर को न्याय मिलना ऊँट के मुँह में जीरा मिलने समान है। सबसे बड़ी समस्या तो सोच की ही है. बेटी को आज भी 'पराया धन' समझा जाता है। वहीं दिखावा और समाज में 'स्टेटस मेन्टेन' करने की होड़ मची है । अपराधियों में कानून का डर ही नहीं है क्यूंकि कई केस दबा दिए जाते हैं या रिपोर्ट नहीं होते। अपराधियों के हौसले और बुलंद हो जाते है। कुल मिलाकर समस्या समाज की मानसिकता में है। दोनों पक्षों को अपना अपना सामाजिक स्टेटस बढ़ाना है चाहे आतंरिक स्थिति हिचकोले खा रही हो। उनकी इसी सोच का भुगतान उनकी बेटी और बहु ही नहीं उससे सम्बंधित हर व्यक्ति को करना पड़ता है। एक जीवन के खोने से केवल वो व्यक्ति नहीं जाता उसके साथ चली जाती कई यादें, टूट कर बिखर जाते है कई सपने, उनके माता पिता की उम्मीदें और उनकी भावी पीढ़ी का भविष्य।

सामाजिक तौर पर समाज को बदलना होगा। अपनी चुप्पी को तोड़ना होगा और आवाज़ उठानी होगी। अगर आपके आस पास ऐसी कोई घटना आप महसूस करते है तो नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत अवश्य करे और एक नहीं कई ज़िन्दगियों को आप बचा सकते है। परिवार मिलकर 'नो डाउरी शादियाँ' अभियान चलाएँ। वहीं न्यायिक तौर पर ऐसे फैसले तेजी से हों और कठोर हो ताकि समाज में डर पैदा हो। मानसिक तौर पर हमे सोच में बदलाव लाना होगा। बेटी को बोझ नहीं, बराबरी का अधिकार दें। दहेज़ के रूप उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता सौंपे। बेटियों को मजबूत बनाएं।। भले ही आज हम टेक्नोलॉजी में आगे हैं,चाँद तक पहुँच रहे है, लेकिन अगर दहेज की वजह से बेटियाँ जलती रहें तो ऐसे विकास और प्रगति का क्या मतलब? कन्या दान पुण्य है, लेकिन कन्या की जान लेना सबसे बड़ा पाप।समाज को मिलकर सोचना होगा -"क्या हम अगली पीढ़ी को भी यही दर्द सौंपना चाहते हैं?"

**-अर्पिता माथुर ( पत्रकार )**

# कारगिल युद्ध : भारतीय सेना और सैनिकों की गौरव गाथा



डॉ. जे.के. गर्ग

निसंदेह कारगिल संघर्ष दुनियांभर के पहाड़ी इलाकों में अत्याधिक ऊंचाई पर लड़ी गई लड़ाईयों में से एक लड़ाई है। कारगिल संघर्ष परमाणु बम शक्ति सम्प्पन भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ पहला सशस्त्र युद्ध था। जहाँ 1965 में हम लाहोर तक पहुच गये और पाकिस्तान के होंसले पस्त कर दिए थे इस युद्ध की परिणीती तास्क्न्द समझोते में हुई थी, वहीं 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित करके एक नये राष्ट्र बंगलादेश को जन्म दिया था। यह युद्द इंदिराजी जी के विलक्षण प्रतिभा का प्रमाण था, वहीं बीसवी शदी का निर्णायक एकमात्र युद्ध भी था जिसमें 93000 से ज्यादा पाकिस्तान के सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर भारतीय सेना के गौरव को उच्चतम शिखर पर पहुचा कर विजय पताका फहरा कर तिरगें की शान बढ़ाई थी।

**कारगिल युद्ध को मोटे तोर पर तीन चरणों में विभक्त किया जा सकता है।**

पहिले चरण में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने श्रीनगर को लेह से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर एक पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सामरिक स्थानों पर क़ब्ज़ा कर लिया था। दूसरे चरण में भारत के सुरक्षा बलों और सेना ने घुसपैठ का पता लगाकर अपने सुरक्षाबलों को अविलंब जबाबी हमले के लिए लामबंद करना शुरू किया था। तीसरे चरण में भारत और पाकिस्तान के बीच भयंकर लड़ाई हुई जिसमें पाकिस्तानी सेना को अग्रिम भागों से पीछे हटना पड़ा। कारगिल युद्ध भारत की सेना के पराक्रम शौर्य का परिचायक है वहीं इस लड़ाई में भी पाकिस्तानी शासकों एवं उसकी सेना की इतिहास को दोहराते हुए करारी पराजय हुई थी।

पाकिस्तान की सेना और तथाकथित कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। संघर्ष की प्रारम्भिक अवस्था में पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले उसके नियमित सैनिक नहीं हैं वरन वे सभी कश्मीरी उग्रवादी-जिहादी हैं। पाकिस्तान के इस सफेद झूट का शीघ्र ही पर्दाफाश हो गया क्योंकि युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों, हथियारों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप मेंइस युद्ध में शामिल थी। कारगिल- द्रास सेक्टर में हुए संघर्ष में लगभग 30000 भारतीय सैनिकों ने भाग लिया वहीं पाकिस्तान के नियमित सैनिकों के अलावा करीब 5000 घुसपेठीयें ने भी पाक सैनकों की मदद की थी। भारतीय सेना ने इस लड़ाई में बोफोर्स तोपों का प्रयोग किया इन तोपों ने दुश्मनों पर कहर बरपा। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सफेद सागर के अंतर्गत कठिन भौगोलिक परिस्थतीयों के बावजूद थल सैनिकों की सहायता की थी। भारतीय नोसेना ने ऑपरेशन तलवार के अंतर्गत पाकिस्तानी बंदरगाहों विशेषतया कराची बंदरगाह की नाके बंदी कि जिससे पाक सैनिकों को कोई मदद नहीं मिल सके। भारतीय नोसेना की उत्तरी एवं पश्चिमी फ्लीट ने उत्तरी अरब सागर के क्षेत्र में आक्रमक पेट्रोलिंग कर पाकिस्तान के समुद्रीय व्यापार के लिये गम्भीर चुनोती उत्पन्न कर उसके सामुद्रिक व्यापार को क्षति पहुचाई। इस लड़ाई में भारतीय सेना के तीनो अंग थल,वायु एवं नो सेना परस्पर अनुकरणीय समन्वय का परिचय दिया जिसके फलस्वरूप इस युद्ध में भी हमें विजयश्री प्राप्त हुयी। युद्ध समाप्ति के तुरंत बाद में पाकिस्तान ने दावा किया उसके मात्र 375 सैनिक ही मारे गए हैं लेकिन बाद में सच्चाई सामने आई कि पाक के तकरीबन चार हजार सैनिक करगिल संघर्ष में मारे गए हैं। भारतीय सेना के मुताबिक 543 अफसर और जवान शहीद हुए जबकि करीब 1300 जख्मी हुए। महज एक भारतीय सैनिक को युद्ध बंदी बनाया गया था। कारगिल संघर्ष के समय जहाँ अमेरिका नें पाकिस्तान को नियन्त्रण रेखा के उल्लघन का दोषी माना था वहीं 8 देशों, यूरोपियन यूनियन एवं के क्षेत्रीय संघटन ने भी पाकिस्तान की आलोचना कर सघंर्ष समाप्त करने एवं नियन्त्रण रेखा के उल्लघन को रोक कर सघर्ष के पूर्व वाली स्थिती पर लोटने को कहा। अमेरिकन राष्ट्रपति क्लिंटन और नवाज शरीफ के संयुक्त व्यक्तय में नियन्त्रण रेखा का सम्मान करते हुए भारत-पाकिस्तान के विवादों को बातचीत से शांतीपूर्ण तरीकों से सुलझाने को कहा। चारों ओर से अंतर्राष्ट्रीय दबाव के कारण तत्कालीन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री श्री नवाज़ शरीफ ने बचे हुए पाकिस्तान के सैनिकों को भारतीय सीमा के अन्दर वाले क्षेत्र से पीछे हट जाने का आदेश दिया।

भारत की विजय के साथ 26 जुलाई 1999 को संघर्ष समाप्त हुआ। कारगिल युद्ध में भारत की विजय की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। समस्त भारत में इस कारगिल युद्ध के दौरान अद्भुत राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली थी। वहीं पाकिस्तान की पराजय के कारण पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई जिसकी परिणति में नवाज़ शरीफ़ निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट कर वहां की सेना के प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ राष्ट्रपति बन गए। कारगिल युद्ध के अनेकों शूरवीर बहादुर एवं फोलादी इरादों वाले जवानों में अनुज नायर, विक्रम बत्रा एवं योगेन्द्र यादव तो प्रमुख हैं ही, भारत को उनके और उनके साथियों की वीरता तथा फोलादी देश भक्ति के इरादों से युद्ध में निर्णायक विजयश्री मिली थी। इस लड़ाई में मुख्य विजय टाईगर हिल्स पर कब्जें पर थी।

कारगिल युद्ध के उपरोक्त नायकों के अतिरिक्त कारगिल संघर्ष के अन्य हीरों यथा केप्टिन जेरी प्रेमराज, केप्टिन शशि भूषण घड़ियाल, सूबेदार रघुनाथ सिंह एवं हवलदार सीसराम गिल के योगदान को भी समूचा राष्ट्र हमेशा याद रक्खेगा। कारगिल विजय पर्व के 25वीं वर्ष गांठ के मोके पर समूचा भारत कारगिल संघर्ष के समस्त शहीदों को शतः शतः नमन करता है और उनके देशभक्ति के जज्बे को सलाम भी। समूचा राष्ट्र कारगिल विजय दिवस के मोंके पर भारत की अखंडता पर तिरछी नजर रखने वालों को कड़ी चेतावनी देता है कि वे अपनी नापाक हरकतों से बाज आयें। जय हिंद जय किसान जय जवान। भारत का बच्चा करें उनका सम्मान और सलाम।

**–डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक**
**कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्यभर में "बर्तन बैंक" बड़ी पहल बना

शादी व दूसरे साामाजिक समारोह के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम स्थल के आसपास कचरे के ढेर के बजाय साफ-सफाई नए राजस्थान की सुखद तस्वीर है। राज्य सरकार ने क्लीन कुकिंग को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक की व्यवस्था की है ताकि सरकारी और निजी कार्यक्रम में डिस्पोजल का उपयोग न करना पड़े। राज्यभर में इसी सोच को साकार करने की दिशा में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक स्थापित किये हैं।



बर्तन बैंक के एक सेट में स्टील की एक प्लेट, तीन कटोरी, एक चम्मच एवं एक गिलास कुल छः बर्तन होते हैं। एक ग्राम पंचायत में इनके 400 सैट उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रति ग्राम पंचायत 1 लाख रूपये मूल्य के बर्तनों की खरीद की गई है। प्रति सेट 3 रूपए किराया लिया जाता है ताकि इनका रखरखाव करने वाले राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूह को योजना संचालन में आसानी हो। ग्राम पंचायत विधवा, एससी, एसटी जैसे वर्गों के लिए आधा किराया माफ कर सकती है।

राज्य में अजमेर जिले में 27, अलवर में 30, बालोतरा 27, बांसवाड़ा 30, बांरा में 24, बाड़मेर में 30, ब्यावर में 18, भरतपुर में 21, भीलवाड़ा में 30, बीकानेर में 27, बूंदी में 15, चित्तौडगढ़ में 30, चूरू में 21, दौसा में 30, डीग में 15, धौलपुर 20, डीडवाना-कुचामन में 21, डूंगरपुर में 30, श्रीगंगानगर में 27, हनुमानगढ में 21, जयपुर में 30, जैसलमेर में 21, जालौर में 30, झुंझुंनू में 30, झालावाड़ में 24, जोधपुर 30, करौली 24, खैरथल-तिजारा 15, कोटा 20, कोटपुतली- बहरोड़ 20, नागौर 24, पाली 24, फलौदी 24, प्रतापगढ़ 24, राजसमंद 24, सलूम्बर में 20, सवाईमाधोपुर में 21, सीकर में 30, सिरोही में 20, टोंक 21 और उदयपुर में 30 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक की स्थापना की जा चुकी है।

इस योजना के सफल संचालन से भरतपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता के प्रति नई चेतना आई है। गरीब परिवारों को भी टैंट किराये से राहत मिली है। शादी समारोह में टैंट किराये में लगने वाला हजारों रूपये का खर्च बचने से बड़ी राहत मिली है, कचरे के ढेर, दुर्गंध, पर्यावरण क्षरण का कुछ हद तक समाधान हुआ है। जिले की पंचायत समिति सेवर में ग्राम पंचायत हथैनी, जघीना और जाटौली रथवान, पंचायत समिति भुसावर की बल्लभगढ, निठार और पथैना, उच्चैन की भैंसा, पिचूना और सहना, वैर की समराया, सरसैना और पाली, रूपवास की औडेलागद्दी, निभेरा और चैकोरा, नदबई की लखनपुर, कटारा और परसवारा एवं बयाना की बंधबरैठा, सालाबाद और गाजीपुर ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक खोले गए हैं। राज्य में इसके अतिरिक्त एक लाख लाभार्थियों को निःशुल्क इंडक्शन कुकटॉप वितरित करने का निर्णय लिया गया है। वेस्ट टू वैल्थ पार्क्स और क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी डवलपमेंट सेंटर जैसे नवाचारों से पर्यावरण संरक्षण को तकनीकी मजबूती दी जा रही है। इसे गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे ग्रामीणों को भी सामूहिक आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की प्रेरणा मिलेगी।

**यह लेख हरिओम सिंह गुर्जर, संयुक्त निदेशक, भरतपुर सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय और संतोष कुमावत, सहायक निदेशक ( जनसम्पर्क ), पंचायतीराज विभाग ने लिखा है।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 26 जुलाई, 2025

सावन मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, आश्लेषा नक्षत्र दिन 3:52 तक, व्यतिपात योग रात्रि 4:06 तक, बालव करण दिन 11:02 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:52 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क चन्द्रमा-कर्क, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, सिंजारा, अश्वत्थ मारूती पूजन, व्यतिपात पुण्य है। आज शुक्र मिथुन राशि में प्रातः 8:56 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:32 से 9:12 तक, चर 12:33 से 2:14 तक, लाभ-अमृत 2:13 से 5:34 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 7:14

**मेष**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक एवं महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

**सिंह**
घर-गृहस्थी और व्यक्तिगत खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मांगलिक-धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मांगलिक-धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मांगलिक-धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# शासन सचिव ने प्री वेटरनिरी टेस्ट को पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए

## शासन सचिव पशु पालन डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय, (राजूवास) बीकानेर/जोबनेर, जयपुर के संघटक पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालयों एवं संबद्ध वेटरनिरी कॉलेजों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अगस्त में आयोजित होने वाले राजस्थान प्री वेटरनिरी टेस्ट पर चर्चा हुई। शासन सचिव ने निर्देश दिए कि यह परीक्षा पूर्ण रूप से निष्पक्ष, कदाचार रहित और पारदर्शी तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की अनियमितता बिल्कुल बरदाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने परीक्षा की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी करने के सख्त निर्देश दिए।

- पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश पारदर्शी और मेरिट के आधार पर हो

उन्होंने कहा कि परीक्षा और प्रवेश की पूरी प्रक्रिया केंद्रीकृत होनी चाहिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा में किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं होनी चाहिए। सरकार इसके प्रति बहुत गंभीर है अगर ऐसा मामला कहीं भी सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान प्री वेटरनिरी टेस्ट की परीक्षा 3 अगस्त को प्रदेश के चार शहरों उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर और जयपुर के 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। शासन सचिव ने निर्देश दिए कि इन केंद्रों पर शुचितापूर्ण परीक्षा की सारी माकूल व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने राजूवास को निर्देश दिए कि परीक्षा से पहले मानक संचालन प्रक्रिया जारी हो जानी चाहिए। डॉ शर्मा ने सीटों की हेराफेरी करनेवालों को रोकने के लिए एक सेल गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि पूरी प्रक्रिया भ्रष्टाचार रहित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा डिप्लोमा कार्यक्रम के संचालनकर्ता कॉलेजों की संबद्धता तभी करें जब वे राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के सभी मानकों को पूरा करते हों। डॉ शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों को राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के मानदंडों पर काम करना होगा इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक सभी कॉलेजों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस वेबसाइट पर, अध्यापकों की पारदर्शी सूची प्रदर्शित करने आदि नियमों का पालन करना होगा अन्यथा कॉलेजों की असंबद्धता के लिए राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद को अनुशंसा भेज दी जाएगी।

उन्होंने सभी कॉलेजों को सभी प्रकार के उपकरण और औजार की उपलब्धता और उनका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि कॉलेज के संचालन में भी पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए कि पूरे सत्र का कैलेंडर पूर्व में ही तैयार करें और उसकी अनुपालना भी सुनिश्चित करें साथ ही सत्र समयपर प्रारंभ हों और समय पर समाप्त हों ऐसी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।

बैठक में शासन उपसचिव संतोष करोल, राजुवास के प्रो वाइस चांसलर डॉ हेमंत दाधीच, डॉ ब्रजनंदन श्रृंगी, निदेशक शोध, डॉ प्रकाश, डॉ अशोक डांगी, डॉ साकार पालेचा सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने सख्त निर्देश दिये

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों तथा संरचनाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है।

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ऐसे भवन आमजन की जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं, अतः इन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्त किया जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर आमजन के आवास, विद्यालय, अस्पताल, सरकारी कार्यालय भवन सहित ऐसे सभी भवनों की सूची तैयार की जाए, जो उपयोग में होने के बावजूद बेहद जर्जर हालत में हैं। ऐसे मामलों में भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियत समय में भवन खाली कराने की कार्रवाई की जाए।

जिला कलक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे स्वयं अथवा किरायेदार के रूप में किसी पुराने, जर्जर या असुरक्षित भवन में रह रहे हैं, तो शीघ्र उस भवन को खाली कर लें। जन सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में जिला प्रशासन सजग और संकल्पित है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और संभावित जोखिम वाले भवनों के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को उदयपुर में आचार्य पुलक सागर की 27 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला में पहुँचकर उनसे आशीर्वाद लिया, देवनानी ने कहा कि आचार्य पुलक सागर के प्रेरणादायी विचारों से आध्यात्म, संयम, सदाचार एवं आत्मशुद्धि की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ओजस्वी प्रवचनों ने जनमानस में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के प्रति नई ऊर्जा का संचार भी होता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झालावाड के पीपलोदी स्कूल हादसे पर संवेदना व्यक्त की

**जयपुर।** झालावाड़ जिले के पीपलोदी क्षेत्र में हुए विद्यालय भवन हादसे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि यह एक अत्यंत पीड़ादायक घटना है और पूरा भाजपा परिवार शोकसंतप्त परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस कठिन समय में हर संभव संबल और सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार दुखी परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। राहत और पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस हादसे की तत्काल जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें सीईओ, जिला परिषद झालावाड़, एसडीएम मनोहरथाना और अधीक्षण अभियंता झालावाड़ को शामिल किया गया हैं। जांच समिति शीघ्र ही दुर्घटना के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही सभी जिलों और विद्यालयों को भवनों की स्थिति को लेकर अलर्ट जारी किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए सभी जर्जर भवनों को चिह्नित कर सुरक्षित रूप से ध्वस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, इसके लिए भी स्थानीय निकायों को पत्र जारी किए गए है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि इस दुखद समय में राजनीति करना निंदनीय है। हम सबको राजनीति से ऊपर उठकर पीड़ितों की सहायता के लिए कार्य करना चाहिए। जो लोग आज बयानबाजी कर रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि वे स्वयं कभी शिक्षा मंत्री रहे हैं। डोटासरा को ध्यान रखना चाहिए कि यह भवन काफी पुराना बना हुआ है, लेकिन यह समय राजनीति का नहीं है।

उन्होंने यह भी बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग किया। चिकित्सा व्यवस्था पर राठौड़ ने बताया कि सरकार ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भेज दी है और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि हमने पहले भी समय-समय पर अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। कुछ अधिकारियों की लापरवाही सामने आने पर निलंबन की कार्रवाई भी की गई है। यह घटना अत्यंत दुखद है और हमने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, जिसका दुख हम सबके मन में है।

# हेरिटेज निगम 26 जुलाई को मनाएगा सिंजारा तीज महोत्सव

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज जयपुर की ओर से 26 जुलाई शनिवार को सिंजारा तीज महोत्सव आयोजन किया जाएगा। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव के नेतृत्व में आदर्श नगर में होने वाले इस आयोजन में शहरवासियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी किए जाएंगे। सिंजारा तीज महोत्सव में राजस्थानी संस्कृति और सभ्यता को दर्शाया जाएगा। जिसमें कई प्रतियोगिता आयोजित की गई है। मेंहदी प्रतियोगिता, साफा बंधाई प्रतियोगिता, लहरिया प्रतियोगिता, बनी ठनी प्रतियोगिता का आयोजन शहरवासियों के लिए किया जाएगा। इन आयोजन में नगर निगम हेरिटेज के समस्त चेयरमैन, पार्षद, निगम अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होंगे। वहीं हरियाली तीज के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।


**इत्तलानामा बनाम रेस्पोंडेन्ट**
न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय, जयपुर (संभाग जयपुर) राजस्थान
अपील नंबरी मुतफरिक या इजराय : 236/2014/00015
डिग्री नं....सन...बिनाराजी
तजवीज....अदालत
मुकाम...मुकाम....मवरिखा....सन....
भारत संघ वगैरह अपीलान्ट
बनाम
जे.डी.ए. वगैरह रेस्पोंडेन्ट
वनाम गुलाब बाजी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. रजिस्ट्रेशन नंबर 2564/एल जरिये अध्यक्ष शिव विजय शर्मा, पता-चार नंबर डिस्पेन्सरी के पास, सोडाला, जिला जयपुर, राजस्थान मुत्तिला हो कि अपील बिनाराजी डिक्री व तारीख.....इस मुकदमे में......में पेश किया है और अदाल की तजबीज 05 माह 08 सन् 2025 ई. वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की गई है, अगर खुद आप या आपके वकील या कोई सख्श जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवालत करने का माजज हो हाजिर न आवेगा, तो उसकी समाअत और की जायेगी। आज तारीख 22 माह 07 सन् 2025 ई. मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया।
आदेशानुसार-रीडर
मोहर अदालत
न्यायालय संभागीय आयुक्त
जयपुर


# देवनानी का शहीदों को नमन किया

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। यह दिन उन वीर सपूतों की याद में समर्पित है जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध में अदम्य साहस दिखाया और भारत की सरहदों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

# न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी

**जयपुर।** कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश शुक्रवार को भी जारी रहा। हाईकोर्ट के आदेश की पालना में डीजे कोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों को काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी की है।कर्मचारी संघ के संरक्षक बद्रीलाल चौधरी ने बताया कि हमारे आंदोलन को कई वकील संगठनों का समर्थन मिला है। जब तक

- डीजे कोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों को काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी की

कैडर पुनर्गठन को लेकर चल रही हमारी मांग पूरी नहीं होती, हम सामूहिक अवकाश जारी रखेंगे। हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने दो साल पहले कैडर पुनर्गठन को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन राज्य सरकार अभी तक उस पर निर्णय नहीं कर पाई है।

जबकि दूसरी ओर राज्य कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन पूर्व में ही किया जा चुका है। इसके अभाव में न्यायिक कर्मचारियों को हर माह हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ पदोन्नित भी समय पर नहीं हो पा रही है।

# पुलिस ने 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**जयपुर।** करणी विहार थाना पुलिस ने हार्डकोर, एचएस, गैंग के सक्रिय बदमाश, भगोडे, फरार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें 05 स्थायी वारंटी, 02 आर्म्स एक्ट और धारा 170 बीएनएसएस में एचएस सहित 17 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

| परीक्षा शुल्क | आवेदन पत्र भरने की आरम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि | परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य परीक्षा शुल्क से | 24.07.2025 | 23.08.2025 | 30.08.2025 | 06.09.2025 |
| एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 25.08.2025 | 10.09.2025 | 15.09.2025 | 18.09.2025 |
| असाधारण परीक्षा शुल्क (केवल स्वयंपाठी हेतु) जिला मुख्यालयों पर | 11.09.2025 | 25.09.2025 | 04.10.2025 | सीधे बोर्ड कार्यालय में |

आवेदन पत्र भरने से संबंधित अन्य प्रक्रिया/शुल्क पूर्व की भांति यथावत रहेगें। आवश्यक निर्देश बोर्ड की वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर देखे।

सचिव



**कार्यालय नगर निगम भीलवाड़ा (राज.)**

क्रमांक : न.नि.भी./गैराज/2025-26/6469 दिनांक : 23/07/2025

**-:: निविदा सूचना 12 ::-**

नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा निम्नांकित कार्यो के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसकी जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा खोलने की दिनांक | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Door to Door collection of segregated municipal solid waste from all households, Shops, markets and establishments etc using covered motorized vehicle and transportation of collected waste to Secondary collection point/ Transfer station/ MSW processing facility / land fill/dumping yard site as may be directed by the authority from time to time through Real Time Monitoring using Geo Fencing RFID based monitoring system | दिनांक 14.08.2025 प्रातः 11.00 बजे | रू. 28,76,25,600/- | रू. 5000/- | रू. 57,52,512/- |

UBN Code : DLB2526SLOB12382
NIB Code : DLB2526A3876

राज.संवाद/सी/25/6856

आयुक्त
नगर निगम भीलवाड़ा

# डेढ़ साल के मासूम को बोरवेल में फेंकने का मामला, अठारह घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद निकाला शव

- एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और पुलिस टीम ने अठारह घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शुक्रवार सुबह बच्चे के शव को निकाला

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के जमवारामगढ़ थाना इलाके में एक कलयुगी पिता द्वारा डेढ़ साल के बेटे को दो सौ फीट गहरे बोरवेल में फेंकने के मामले में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और पुलिस टीम ने अठारह घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शुक्रवार सुबह बच्चे के शव को निकाल लिया है।

डीएसपी प्रदीप यादव ने बताया कि बच्चे का शव 90 फीट की गहराई पर अटका हुआ था और ऊपर से डाली गई मिट्टी के कारण उसे निकालने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा। एसडीआरएफ,एनडीआरएफ,सिविल डिफेंस टीम के करीब 60 जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे थे। रेस्क्यू टीमों ने दो तरह के जुगाड़ का प्रयोग करके आखिरकार बच्चे का शव निकाला। पुलिस ने शव को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही इसका पूरी तरह से खुलासा हो पाएगा। इसके अलावा बच्चे की हत्या कर शव फेंका था या मरा समझ कर जिंदा ही उसे बोरवेल में फेंक दिया गया था। जिसके चलते आरोपित पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। यह मामला जमवारामगढ़ थाना इलाके के दीपोला गांव का है।

**60 लोगों की टीम ने संभाला मोर्चा:-** शुक्रवार दोपहर एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस के 60 मेंबर ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। बोरवेल में कैमरा डालने के बाद शाम करीब 4:30 बजे बच्चे का हाथ दिखाई दिया। 90 फीट गहराई में बोरवेल में बच्चे के फंसे होने का पता चला। इससे बोरवेल में ही बच्चे को फेंकने की पुलिस को पुष्टि हुई। करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद रातभर ऑपरेशन चलाकर शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे बोरवेल से बच्चे को बाहर निकाला गया। वहां मौजूद डॉक्टर ने चेक करने के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

**गांव में पसरा मातम:-** शुक्रवार तड़के जब शव बाहर निकाला गया तो गांव में सन्नाटा छा गया। रेस्क्यू पूरा होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली और एंबुलेंस के जरिए बच्चे के शव को अस्पताल भिजवाया। जहां उसका पोस्टमार्टम और उसके बाद सभी प्रक्रिया पूरी होने पर अंतिम क्रिया के लिए शव परिजनों को सौंपा गया।

**गांव के लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है:-** इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपित ने अपने बेटे की निर्मम हत्या कर इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। बच्चे की बीमारी और घरेलू कलह के चलते उसने ऐसा किया। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा. इस हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है।

**बच्चे की मौत से सदमे में मां आने से अस्पताल में भर्ती:-** आरोपी ने 20 दिन पहले ही अपनी पत्नी से मारपीट की थी। उसे नग्न कर पीटा था। जिसके बाद वह जान बचाकर वहां से निकल गई और दौसा अपने घर चली गई। वारदात के समय बच्चे की मां अपने घर पर थी। जैसे ही उसे इस वारदात का पता चला तो वह सदमे में आ गई और अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया था।

**बंद बोरवेल रातोंरात खोलकर बच्चे को फेंका:-** लोगों का कहना है हत्यारे को सख्त से सख्त सजा दी जाए। आरोपी बेहद शातिर है। अपनी बच्चे की लाश छिपाने के लिए उसने जिस बोरवेल को चिन्हित किया। वो बोरवेल पहले से बंद था। प्रशासन ने अभियान के तहत बोरवेल को बंद किया था। लेकिन रातोरात ललित ने बोरवेल को वापस खोला। अब स्थानीय विधायक महेंद्र पाल मीणा क्षेत्र में बने अवैध बोरवेल के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दे रहे हैं।

पिछले कई महीनों से पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा था। करीब एक महीने पहले तीनों बच्चों को छोड़कर पत्नी मायके चली गई थी। तब से ललित अकेला तीनों बच्चों की परवरिश कर रहा था। आरोपी पिता ललित बुधवार रात 11 बजे घर पहुंचा था। इस दौरान उसका बड़ा भाई ससुराल में फोन पर बात कर रहा था। इस पर ललित ने कहा कि उसे राम को सफेद कपड़े में बांधकर बोरवेल में डाल दिया है। सूचना पर पुलिस घर पहुंची तो ललित सैनी अपने कमरे में सोते हुए मिला। गुरूवार सुबह कुछ होश में आने पर पुलिस ने ललित से डेढ़ साल के राम के बारे में पूछा।

ललित से सख्ती से पूछताछ शुरू की। उसके बाद पुलिस की सख्ती पर टूट गया। बोला- बीमार बेटे की मौत हो गई थी। शरीर ठंडा पड़ चुका था। उसके शव को खेत में पत्थर से ढके बोरवेल में डाल दिया है। बोरवेल में बच्चे को फेंकने की बात सुनकर दंग रह गए। ललित को लेकर बोरवेल तक पहुंचे। प्रथमदृष्टया जांच करने पर बोरवेल में ताजी मिट्टी और पास उगी घास के टुकड़े डालने का पता चला। एक तरफ ललित के झूठ बोलने का संदेह था, दूसरी ओर डेढ़ माह के मासूम को ढूंढने की मजबूरी। बोरवेल में ताजी मिट्टी और घास डालने को लेकर 50 प्रतिशत बात सही होने पर बोरवेल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

## सौ फीट गहरे कुएं में गिरे युवक को निकाला सुरक्षित

**जयपुर।** कानोता थाना इलाके में सौ फीट गहरे कुएं में शुक्रवार सुबह एक युवक गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और फिर रेस्क्यू ऑपरेशन किया। टीम ने रस्सी से बांधकर कुएं में उतारी चारपाई से उसको सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए उसे एम्बुलेंस से सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया।

एएसआई विजेन्द्र यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित जयंती नगर निवासी कन्हैया लाल (32) कुएं में गिरा था, जो वह परिवार के साथ यहां रहकर मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह वह शराब के नशे में घर लौट रहा था। घर लौटते समय पड़ोसी के प्लाट में कुएं को भरवाने का काम चल रहा था। शराब के नशे में होने के कारण पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा। 100 फीट गहरे कुएं में करीब 5 फीट पानी भरा हुआ था। वहां मौजूद लोगों ने पानी में कुछ गिरने की तेज आवाज सुनकर कुएं में देखा। कुएं में कन्हैया लाल गिरा हुआ दिखाई दिया। कुएं में युवक के गिरने का पता चलने पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुएं भरवाने के दौरान उसमें लगी बिजली मोटर को बाहर निकाल लिया था। कुएं में मोटर का वायर लटका हुआ था। वायर को पकड़कर कन्हैया लाल ने पानी में डूबने से अपनी जान बचाई।

## सार-समाचार

### केनरा बैंक डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीजन 4 का शुभारम्भ



**जयपुर।** केनरा बैंक डीएमपीएल सीजन 4 के संयोजक डॉ संदीप निझावन ने बताया कि 25 जुलाई को इसके चौथे संस्करण का शुभारंभ आरआईसी जयपुर में फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने किया ,कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गीतांजली मेडिकल कॉलेज जयपुर के प्रिंसिपल व डीन डॉ अशोक गुप्ता व बॉलीवुड सिंगर रवींद्र उपाध्याय थे। लीग के आयोजन अध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि पवन अरोड़ा ने इस तरह कि प्रतियोगिता की आवश्यकता बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व डीएमपीएल के ब्रांड एंबेसडर रवींद्र उपाध्याय ने कहा कि डॉक्टर्स में भरपूर टैलेंट है और वे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है ।चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हर्षुल टाक ने बताया कि गौरी ज्वेलर्स से गौरी माहेश्वरी व महिमा ग्रुप से धीरेंद्र मदान ने भी इस अनूठे आयोजन की तारीफ़ करते हुए इस आयोजन से जुड़ें। मंच संचालन डॉ रवींद्र सिसोदिया ने किया।

### महिलाओं ने तीज उत्सव मनाया



**जयपुर।** रंगोली गार्डन की महिलाओं ने यहां वैशाली नगर स्थित एक होटल में तीज उत्सव पारंपरिक ढंग से मनाया। कार्यक्रम में करीब एक सौ से अधिक आकर्षक लिबास में सजीली महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिसेज राजस्थान-2025 निधि शर्मा व रजनी मेहता ने विनर्स को तीज क्वीन, लहरिया क्वीन, रैंपवॉक क्वीन जैसे टाइटल्स से भी नवाजा। आयोजक डोली छाबड़ा व महिमा शर्मा ने बताया कि आकर्षक लिबास में सभी महिलाओं तीज पर्व के पारंपरिक लोकगीतों पर कदम थिरकाए। साथ ही आकर्षक रैंपवॉक के दौरान तीज पर्व के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे। कार्यक्रम के दौरान कई रोचक गेम्स ने भी माहौल को खुशनुमा बनाया। कार्यक्रम में डाइटिशियन कीर्ति जैन, नीतू, रीना और नीलम आदि मौजूद रहीं। संचालन एंकर करन ने किया।

### मार्केट में उतरे दो नए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स




**जयपुर।** पियाजियो व्हीकल्स ने अपने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेगमेंट में दो नए मॉडल्स- आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लॉन्च किए हैं। ये दोनों गाड़ियाँ खासतौर पर भारत की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई हैं। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डिएगो ग्राफी ने कहा, ''भारत में ईवी की माँग तेज़ी से बढ़ रही है और हम चाहते हैं कि हमारे वाहन न सिर्फ टिकाऊ हों, बल्कि लोगों की आजीविका भी बेहतर करें।'' पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- सीवी डॉमेस्टिक बिजनेस और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, ''ग्राहकों की जरूरत है- लंबी रेंज, दमदार बैटरी और कम खर्च। यही सोचकर हमने ये नए मॉडल्स बनाए हैं, जो हर मायने में भरोसेमंद हैं।'' आपे ई-सिटी अल्ट्रा देता है 236 किमी की रेंज, 9.55 किलोवॉट की पावर, बूस्ट मोड, क्लाइंब असिस्ट और स्मार्ट 4जी टेलीमैटिक्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स।

### पुस्तक ''निज से, निज को'' का लोकार्पण समारोह 27 को

**जयपुर।** प्रवीणचंद्र छाबड़ा द्वारा रचित पुस्तक ''निज से, निज को'' का लोकार्पण समारोह आगामी 27 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे जयपुर स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब, नारायण सिंह सर्कल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विनोद शंकर दवे (भूतपूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय) और नंद भारद्वाज (हिंदी और राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ कवि, कथाकार एवं समीक्षक) विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।समारोह के विशिष्ट वक्ता होंगे, विजय त्रिवेदी, जो पूर्व एडिटर एनडीटीवी इंडिया, लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।

### सिम विक्रेताओ को गिरफ्तार किया



**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने संदिग्ध सिम विक्रेताओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन सिम विक्रेताओ को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछकी जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने संदिग्ध लोगों को सिम कार्ड बेचान करने वाले पीएसओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिकार मोबाईल पॉइन्ट के संचालक मोहम्मद बिकार निवासी शास्त्री नगर ,बरकत मोबाईल पॉइन्ट के संचालक फारुख निवासी नाहरी का नाका जयपुर और कुरैशी मोबाईल पॉइन्ट से आसिफ हुसैन निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है और साथ ही बेची गयी संदिग्ध सिम कार्ड के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### देवनानी से नव नियुक्त कुलगुरू अग्रवाल की मुलाकात

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से यहां विधान सभा में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के नव नियुक्त कुलगुरू सुरेश कुमार अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की। अग्रवाल ने देवनानी से विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में किये जाने वाले नवाचारों पर चर्चा की।

### नेशनल पावरलिफ्टिंग में जीते मैडल

**जयपुर।** नेशनल पावरलिफ्टिंग 2025 में राजस्थान के चार खिलाड़ियों हर्ष, सोनू , आयुष, शुभम ने जीते मेडल । चारों खिलाड़ी जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा के रहने वाले है ! कोच नैतिक जांगिड (राष्ट्रीय पदक विजेता) शिव शक्ति जिम ने बताया की चारों खिलाड़ियों का दो महीने बाद होने वाले इंटरनेशनल गेम में भी चयन हुआ है । विद्याधर नगर विधानसभा के जन सेवक विष्णु प्रताप सिंह द्वारा इन सभी खिलाड़ियों का तलवार भेंट कर सम्मान किया गया।

## पुराने नियमों के आधार पर करवाओ समाज के चुनाव : हाईकोर्ट

- माहेश्वरी समाज के 27 को होने वाले चुनावों को लेकर कहा कि या तो पुराने नियमों के आधार पर चुनाव कराओ या मामले में आगामी सुनवाई तक यथास्थिति रखी जाए
- अदालत ने मामले में माहेश्वरी समाज व अन्य से जवाब तलब किया है

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने माहेश्वरी समाज के 27 जुलाई को होने वाले चुनावों को लेकर कहा है कि या तो पुराने नियमों के आधार पर समाज के चुनाव कराओ या फिर मामले में आगामी सुनवाई तक यथास्थिति रखी जाए। इसके साथ ही अदालत ने चुनाव होने पर उसे याचिका के निर्णय के अधीन रखा है।जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश सुरेन्द्र सारडा की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले में माहेश्वरी समाज व अन्य से जवाब तलब किया है।

अपील में अधिवक्ता प्रत्युष शर्मा ने याचिका में बताया कि माहेश्वरी समाज के 27 जुलाई को चुनाव प्रस्तावित हैं। साल 2020 में नियमों के खिलाफ जाकर समाज के विधान में मनमानी से संशोधन किए गए थे। ऐसे में मूल विधान के खिलाफ हो रहे समाज के चुनाव पर रोक लगाई जाए।

इस दौरान माहेश्वरी समाज अध्यक्ष की ओर से अधिवक्ता अभिनव शर्मा उपस्थिति हुए। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता और उनके बीच पुराने नियमों से चुनाव कराने को लेकर सहमति हो गई है और चुनाव पुराने नियमों से ही कराया जाएगा। अदालत ने उनके बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए पुराने नियमों से चुनाव कराने की छूट देते हुए कहा है कि यदि पुराने नियमों से चुनाव नहीं होते हैं तो मामले में दोनों पक्ष यथास्थिति बनाए रखे।

## साइबर क्राइम पुलिस ने किया फर्जी सिम रैकेट का पर्दाफाश

- 15 फर्जी सिम, 4 मोबाइल और 40,450 ठगी की रकम बरामद; एक ठग और तीन बाल अपचारी पकड़े

**जयपुर।** राजस्थान साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों से सिम कार्ड लेकर साइबर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में मुख्य आरोपी घनश्याम मीणा की निशानदेही पर एक साइबर ठग नीरज कुमार मीणा को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही तीन बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 15 फर्जी सिम कार्ड, 4 मोबाइल फोन और 40,450 की ठगी गई राशि बरामद की है।

मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल सिम खरीदने आए एक लड़के की सूचना मिली थी। इस पर साइबर



पुलिस ने मुख्य आरोपी घनश्याम मीणा की निशानदेही पर एक साइबर ठग नीरज कुमार मीणा को गिरफ्तार किया ।

क्राइम थानाधिकारी मय टीम मालपुरा गेट स्थित भारती हेक्साकॉम लिमिटेड के सांगानेर स्टोर पर पहुंचे। स्टोर इंचार्ज दीपेंद्र शर्मा की लिखित रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर घनश्याम मीणा निवासी निवाई टोंक को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 7 मोबाइल सिम कार्ड, 2 खाली सिम कवर, 2 आधार कार्ड और एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। घनश्याम मीणा से पूछताछ के आधार पर शुक्रवार 25 जुलाई को साइबर थाना राजस्थान की टीम ने आगे की कार्रवाई की।

## देवनानी ने पीपलोदी घटना पर दुख प्रकट किया

- भवन अचानक ढह जाने से 5 विद्यार्थियों की मृत्यु और 11 अन्य बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना अत्यंत पीड़ादायक'

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने झालावाड़ जिले के मनोहर थाना विधानसभा क्षेत्र के पीपलोदी गांव में अत्यंत दर्दनाक घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पीपलोदी का भवन अचानक ढह जाने से 5 मासूम विद्यार्थियों की मृत्यु और 11 अन्य बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। देवनानी ने दिवंगत बच्चों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## बिजली चोरी एवं दुरूपयोग के मामले पकड़े

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को बगरू क्षेत्र में कार्यवाही की। जिसमें 1 होटल में बिजली के दुरूपयोग तथा 3 आवासीय परिसरों एवं 2 पी.जी. हॉस्टल में विद्युत चोरी के प्रकरणों में 10 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल. शर्मा ने बताया कि हरधानपुरा देवलिया में संचालित होटल में अघरेलू श्रेणी का 20 किलोवॉट का कनेक्शन स्थापित है। यहां जांच के दौरान स्वीकृत भार की जगह 58.58 किलोवॉट उपयोग में लिया जा रहा था इसी प्रकार, देहमी कलां वसुन्धरा नगर प्रथम स्थित तीन आवासीय परिसरों में मीटर से पहले सर्विस लाइन में कट लगाकर अतिरिक्त तार जोडकर चेन्ज ओवर लगाकर विद्युत चोरी की जा रही थी।

## बैंक से रुपये लेकर निकले युवक से नौ लाख रुपए लूटे

- पुलिसकर्मी बताकर बदमाश कार में डालकर युवक का अपहरण कर ले गए थे और दो किलोमीटर दूर रास्ते में फेंककर बदमाश फरार हो गए

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में बैंक से रुपये लेकर निकले युवक से नौ लाख रुपए लूटने का मामला सामने आया है। पुलिसकर्मी बताकर बदमाश कार में डालकर युवक का अपहरण कर ले गए थे और दो किलोमीटर दूर रास्ते में फेंककर बदमाश फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर मामले की जांच कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी मालवीय नगर) आदित्य पूनिया ने बताया कि बजाज नगर थाना इलाके में स्थित दुर्गापुरा एसएल कट के पास आरबीएल बैंक से नौ लाख रूपये लेकर निकले पीड़ित जयवंत का बैंक के बाहर आए चार युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसका अपहरण कर ले गए। जिसके बारे में वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अपहरणकर्ताओं ने दो किलोमीटर दूर ले जाकर जीटी के पास रास्ते में फेंक कर फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस ने अपहरण जसवंत की जानकारी कर तलाश शुरू की। जीटी के पास मिलने पर पुलिस उसे अपने साथ पुलिस स्टेशन ले आई। पीड़ित की ओर से अपहरण कर लूट मामले में शिकायत नहीं दी गई। जिसमें बदमाशों के साथ जसवंत हंसते हुए बात करता दिखाई दे रहा है। संभवतः बैंक से पैसे निकलवाने के बाद आपस में विवाद होने पर घटना हुई। पुलिस जसवंत से पूछताछ कर रही है।

## प्रिंसिपल पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दौसा टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए ओम शिव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय दौसा के प्रिंसिपल राकेश कुमार चौबे को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी दौसा टीम को परिवादिया ने शिकायत दी कि ओम शिव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय दौसा (बीएड कॉलेज) के प्रिंसिपल राकेश कुमार चौबे की ओर से प्रेक्टिकल में अच्छे नम्बर देने एवं उपस्थिति पूरी करने के लिए छह हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे है। प्रिंसिपल की ओर से छह रुपये की मांग कर पांच हजार रुपये लेने पर सहमत हुआ।जिस पर एसीबी दौसा टीम के उप अधीक्षक पुलिस नवल किशोर के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए प्रिंसिपल राकेश कुमार चौबे को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

## 'कोचिंग बिल कानून का रूप नहीं लेता, तब तक केन्द्र की गाइड लाइन लागू करो '

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि जब तक कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने वाला बिल कानून का रूप नहीं लेता, तब तक इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से जारी की गई गाइडलाइन को लागू किया जाए। इसके साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं अदालत ने कोचिंग सेंटर संचालकों से पूछा है कि अवसाद में आए विद्यार्थियों को बचाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और पढाई के तरीके में क्या बदलाव किया गया है।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक, 2025 को कानूनी मूर्त रूप देने के लिए विधानसभा में रखा था। वहीं बाद में विधेयक को प्रवर समिति को भेजा गया और वहां इस पर सुझाव मांगे गए हैं। इसके अलावा कानून के बिना केन्द्र सरकार की गाइड लाइन में बताए गए दंडात्मक प्रावधानों को भी लागू नहीं किया जा सकता है। वहीं न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर गुप्ता की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार की ओर से गाइडलाइन की पालना नहीं की जा रही है। जिससे अभी भी विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में गाइडलाइन की सख्ती से पालना की जाए। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई अगस्त माह के तीसरे सप्ताह में रखी है। राज्य सरकार की ओर से गत सुनवाई पर अदालत को बताया गया था कि इस साल आठ मई तक 14 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है।

## 10 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने इलाके में अवैध निवासरत बांग्लादेशी संदिग्ध नागरिक ,हिस्ट्रीशीटर एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने कुछ 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि थाना इलाके में अवैध निवारत बांग्लादेशी ,हिस्ट्रीशीटर बदमाश, हार्डकोर बदमाश सहित वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान एरिया डॉमिनेशन चलाया गया। जिसमें पुलिस ने अलग- अलग स्थानों पर अपराधियों को चिन्हित करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने दबिश देकर निक्की मीणा , ,सागर, अजय ,साजीद, संजय नगर निवासी ,अमित राजीव नगर निवासी , किशन, संजय ,बल्लू लोहार, शहीद इन्द्रा ज्योति नगर,भट्टा बस्ती निवासी, सलमान 22 ,नया जालूपुरा,नाहरी का नाका निवासी और इस्लाम को दबोच लिया।

## ट्रायल के बहाने गाड़ियां चोरी करने वाला एक शातिर बदमाश गिरफ्तार

- आरोपी बलवीर से सामने आया है कि ओएलएक्स ऐप पर पुरानी गाड़ियों का विज्ञापन देकर वह मालिकों से सम्पर्क करता था

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओएलएक्स ऐप के जरीए गाडी मालिकों से सम्पर्क कर ट्रायल के बहाने गाड़ियां चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई कार बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चुराई गाड़ी को सस्ते दामों में कबाड़ी को बेचकर मिलने रुपयों से अपने शौक पूरा करता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओएलएक्स ऐप के जरीए गाडी मालिकों से सम्पर्क कर ट्रायल के बहाने गाड़ियां चोरी करने वाले आरोपित बलवीर सिंह मीना (27) निवासी कुडगांव जिला करौली को




पुलिस ने आरोपित बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया ।

150 किलोमीटर तक पीछा कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई गई एक कार को बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित के सांगानेर, प्रताप नगर, मुहाना और एयरपोर्ट इलाके में आधा दर्जन वाहन चोरी की वारदात करना कबूल किया है। करीब तीन साल पहले इसी तरह गुजरात में वारदात करने पर गिरफ्तार भी हो चुका है।

पूछताछ में आरोपी बलवीर से सामने आया है कि ओएलएक्स ऐप पर पुरानी गाड़ियों का विज्ञापन देकर वह मालिकों से सम्पर्क करता था। गाड़ी के दस्तावेज अपने वॉट्सऐप नंबर पर मंगवा लेता था और फिर शराब ठेके या चौखटी पर जाकर शराबी व्यक्तियों का मोबाइल चुराता। चुराए मोबाइल से वाहन मालिक को फोन कर वाहन खरीदने के लिए दिखाने के बहाने अनजान जगह पर बुलाता।

## अपहरण कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर।** कानोता थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा अपहरण कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित ने धोखे से अपहरण किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता ने आरोपित परिचित के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि कानोता की रहने वाली नाबालिग लड़की ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि 4 जुलाई को रास्ते में मिलने पर आरोपी उससे बातचीत करने लगा। धोखे से झूठ बोलकर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गया और फिर उसके साथ जबरदस्ती कर दुष्कर्म कर मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
SATURDAY
26 July 2025
A-B



## Healing Wholly !

Every year on July 26, Holistic Therapy Day shines a spotlight on a unique approach to health that considers the whole person: body, mind, and spirit. This day is not just a celebration but a reminder of the deep-rooted belief in the power of holistic healing practices that date back thousands of years, from ancient Ayurveda to traditional Chinese medicine. These practices include meditation, yoga, massage, and more, all aiming to harmonize the physical, mental, and spiritual aspects of our being. The importance of Holistic Therapy Day lies in its emphasis on self-healing and the interconnectedness of our mental, physical, and emotional health.

#RANGREZ

# There Is Hope For Dyeing In Jaipur

### The Untold Story of Jaipur's Master Dyers: A Legacy in Every Thread





Have you ever heard the story of Jaipur's dyeing artisans?

Not the ones featured in travel brochures or Instagram reels, but the quiet masters who, for generations, have turned fabric into poetry using nothing but their hands, natural dyes, and age-old wisdom.

Tucked away in the narrow lanes of Sanganer and Bagru, just outside Jaipur, lives a community whose artistry predates machines and mass production. These are the *Rangrez*, traditional fabric dyers, whose work has clothed kings, inspired designers, and painted the culture of Rajasthan with colour.

Their process is not just craft; it's ritual. Cotton cloth is first soaked in a solution of natural ingredients, often harad, multani mitti, and even cow dung, to cleanse and prepare the fabric. Then, using dyes derived from indigo, madder root, pomegranate peel, and turmeric, the fabric is dipped, beaten, sun-dried, and washed again and again. The result? Deep, vibrant colors that don't fade with time, only deepen.

What makes these artisans truly remarkable isn't just their skill, but their connection to nature. Unlike modern textile factories that pollute rivers, traditional dyers in Jaipur often use rainwater or filtered groundwater, and many are returning to eco-friendly, zero-waste techniques their ancestors practiced naturally.

But in a world racing towards fast fashion, these artisans struggle to keep up. Hand-dyed fabrics take days, sometimes weeks, to perfect. Synthetic dyes, screen printing, and digital patterns have pushed the market away from slow, meaningful work. Many younger artisans have left the craft altogether, seeking more stable or modern jobs.



Yet, there is hope.

In recent years, there's been a quiet revival. Designers across the globe, from Tokyo to New York, are once again turning to Jaipur's master dyers for authentic, sustainable textiles. Organizations are helping train a new generation in traditional techniques. And tourists, too, are beginning to visit dyeing workshops not just to buy, but to learn.

Still, their story remains under-told. No museum wing honours them. Few books carry their names. But if you visit, if you pause and ask, you'll see history unfolding in real-time, in every swirl of colour, in every wrinkled hand dipping cloth into dye, in every rooftop where fabric flutters like prayer flags.

So, the next time you wear something hand-dyed, ask where it came from. It just might be from a small, sunlit workshop in Jaipur, where colour is still made with heart, not haste.












# Sawan Ka Bazaar And The Perfect Ghewar



This journey is not just about taste. It's about scent, texture, memory. About fathers and grandfathers and the women who kept traditions alive. About shrines in side streets and friendships behind shop counters. Ghewar season is fleeting, like the rains themselves. But for a few short weeks each year, Jaipur breathes in sugar, ghee, and nostalgia, and I, like many others, follow the scent.














● Pushpendra Bhargava

> As I bite into their crisp Mawa Ghewar, Rajendra Rawat ji explains the 14 or 16 items traditionally sent as 'Baine,' ritual gifts from a married woman to her nand (sister-in-law) during Teej. One of these gifts is ghewar, made only during sawan, with Datura, Aakera ka Phool and Belpatra, as testimony to the sacred monsoon month devoted to Lord Shiva.

Every July, as the monsoon clouds roll over Jaipur and the pink sandstone glows under gentle rain, I find myself drawn into a tradition that blends taste, memory, and devotion, my annual search for the perfect Ghewar.

It begins at Chaura Rasta, once named SMS Highway, built when Maharaja Sawai Man Singh II expanded Jaipur beyond its old city walls. The new gate that opened up this axis became a corridor not just for traffic, but for time. As I walk its length, art deco homes greet me with jharokhas, etched with family initials and generations of detail. Teakwood slabs, old shaving mirrors, ticking clocks, and heirloom cupboards hide pickles and stories alike.

The grandfather's working typewriter like all things grandfather's. The atta chakkis, the weighing scale, the wooden grinder, great grandfather's watchful eyes and tutelage!! The year 1941, Rs. 5 Tanjore Krishna gold paintings, with silver linings and in the endless seamless flow, a photograph with the grandfather and the interim Prime Minister Gulzari Lal Nanda...this is the Pink City's living museum, where homes still whisper.






#NOSTALGIA






Down Sonthali Walo ka Rasta, Somilal's Sweets (Rawat Misthan Bhandar) becomes my first stop. For 140 years, the Rawat family has made Ghewar by hand, passing recipes from one generation to the next. As I bite into their crisp Mawa Ghewar, Rajendra Rawat ji explains the 14 or 16 items traditionally sent as 'Baine,' ritual gifts from a married woman to her *nand* (sister-in-law) during Teej. One of these gifts is *ghewar,* made only during sawan, with Datura, Aakera ka Phool and Belpatra, as testimony to the sacred monsoon month devoted to Lord Shiva.

From there, I meander through Jadiyon ka Rasta and stop at Somani Misthan Bhandar, then Sodani Sweets. Each has its signature touch, some ghewars crisp and airy, others dense with rabdi or mawa. I reach Gopal Ji ka Rasta, where the 87-year-old gentleman from Sharda Bhawan swears by Poddar Misthan Bhandar's version.




The warm woman behind the counter smiles and selects a tiny ghewar for me, the only size I'll allow myself as a diabetic.

My bag grows heavier. Bhatia Paneer Bhandar tempts me with milk cake and akhrot barfi, and they too now offer ghewar. As I walk, I sip Aloo bukhara juice (Plum) at Ganga Juice Centre near Ganga Mata Mandir, places rich with taste and memory.

Eventually, I turn down Haldiyon ka Rasta to reach Ajit Mal Ji's Sambharwala Sweets, where the elderly motherly assistant greets me with laughter and stories. They swear that their Ghewar is better than the more famous Bhawar Ji's in Ghee Walo ka Rasta with the shop called Sambhar Phini Wale!! These rivalries, told with affection, add spice to the journey. And behind it all is Teej-celebrated on the third day after the new moon, following Hariyali Amavasya. On this day, women apply mehndi, prepare flour sweets, and adorn their doorways with turmeric paste, cow dung, and rice. They worship with 14 fruits, sweets, and symbols of Vishnu's chakra and Lakshmi's presence. Ghewar is not just dessert, it is devotion.

> Eventually, I turn down Haldiyon ka Rasta to reach Ajit Mal Ji's Sambharwala Sweets, where the elderly motherly assistant greets me with laughter and stories. They swear that their Ghewar is better than the more famous Bhawar Ji's in Ghee Walo ka Rasta with the shop called Sambhar Phini Wale!! These rivalries, told with affection, add spice to the journey.

This journey is not just about taste. It's about scent, texture, memory. About fathers and grandfathers and the women who kept traditions alive. About shrines in side streets and friendships behind shop counters. Ghewar season is fleeting, like the rains themselves. But for a few short weeks each year, Jaipur breathes in sugar, ghee, and nostalgia, and I, like many others, follow the scent.

### From Ritual to Rakhi

Ghewar isn't just a dessert, it's a sacred gift. It is offered as *prasad* during Teej which is a pre-cursor to many revered festivals to follow, Raksha Bandhan, Janmashtami, Ganesh Chaturthi.

### Jaipur vs. Bikaner vs. Udaipur

Jaipur's ghewar leans airy and crisp; Bikaner's is slightly thicker and intensely sweet; Udaipur prefers a rabdi topping. Today, fusion ghewars also include rose, pistachio, chocolate, and even gold varq variations.

rajeshsharma1049@gmail.com





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डूंगरी भाखरी स्कूल के जर्जर कमरों में जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं 250 बच्चे

## डूंगरी भाखरी स्थित रा. उ. प्रा. विद्यालय की दीवारें, छत और नींव कभी भी जमींदोज हो सकती हैं

**रानीवाड़ा, (निसं)।** शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिल रहा है। यहां दो जर्जर कक्षा-कक्ष कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं, जिनमें करीब 250 मासूम बच्चों का भविष्य और जीवन दांव पर लगा है।

प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे बच्चों के अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है। मामले का खुलासा करते हुए प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय के पत्रांक 242 दिनांक 05.12.2023 के प्रस्ताव के अनुसार, क्षतिग्रस्त दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग के लिए 6 लाख रुपये की स्वीकृति सत्र 2024-25 में जारी की गई थी। इसके अनुपालन में ठेकेदार द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान कार्य भी करवाया गया, लेकिन हैरत की बात यह है कि जिन कमरों को सख्त मरम्मत की आवश्यकता थी, उनकी मरम्मत की ही नहीं गई। जब ठेकेदार से इस बारे में जानकारी ली गई, तो उसने अपनी ओर से कार्य पूर्ण होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।



जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के कमरों की छतें और दीवारें जर्जर हो चुकी है, जिससे बच्चों के साथ हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

- छह लाख रुपये की स्वीकृति के बाद भी बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़, ठेकेदार पर सवालिया निशान
- कई बार उच्च अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे बच्चों के अभिभावकों में रोष है

चौधरी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिन दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग की सख्त आवश्यकता है, उनका काम न होना किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्यौता देने जैसा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि किसी भी समय कमरों की दीवारें, छत तथा नींव जमींदोज हो सकते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों के लिए जानलेवा है, बल्कि शिक्षकों और स्टाफ के लिए भी खतरा बनी हुई है।

विद्यालय प्रशासन ने इस गंभीर विषय पर कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित किया है। जिला कलेक्टर जालोर, जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा जालोर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रानीवाड़ा और पीईईओ डूंगरी, रानीवाड़ा को भी इसकी प्रतियां भेजी गई हैं। प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने राउ प्रा वि डूंगरी भाखरी के डाइस कोड का भी हवाला दिया, लेकिन बावजूद इसके, आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निवेदन किया गया है कि 'बच्चों की सुरक्षा विभाग एवं राज्य सरकार पर निर्भर है।' यह पत्र स्पष्ट रूप से बताता है कि स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इस मामले की जानकारी है, फिर भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर शिक्षा दी जा रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने झालावाड़ हादसे पर दुख जताया

## झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से सात बच्चों की मौत, 28 बच्चे घायल



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अस्पताल पहुंची और घायल बच्चों की कुशलक्षेम पूछी।

- हमारे परिवार के सात स्कूली बच्चों को भगवान ने हमसे छीन लिया, इस हादसे में 28 बच्चे घायल हो गए ज्योंही मुझे इस घटना की जानकारी मिली, मुझे बहुत आघात लगा : पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे
- 'यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रदेश के ऐसे स्कूलों को पहले ही चिन्हित कर लेते और बच्चों को अन्यत्र किसी सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर देते तो हमारे ये बच्चे काल का ग्रास नहीं बनते'

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि बहुत ही दर्दनाक घटना है। हमारे परिवार के सात स्कूली बच्चों को भगवान ने हमसे छीन लिया। इस हादसे में 28 बच्चे घायल हो गए। ज्योंहीं मुझे इस घटना की जानकारी मिली, मुझे बहुत आघात लगा।

राजे ने कहा कि मैं तथा झालावाड़-बारां के सांसद दुष्यंत सिंह तत्काल दिल्ली से यहाँ के लिए रवाना हो गए। शिक्षा विभाग प्रदेश के सभी स्कूलों का सर्वे करवाए, जहां भी स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, ऐसे स्कूलों से बच्चों को अन्यत्र सुरक्षित भवन में शिफ्ट करें। ऐसे स्कूलों को गिराकर नये भवन बनवायें, ताकि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ न हो सके। यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रदेश के ऐसे स्कूलों को पहले ही चिन्हित कर लेता और बच्चों को अन्यत्र किसी सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर देता तो हमारे ये बच्चे काल का ग्रास नहीं बनते। ऐसी घटनाओं से बच्चों और अभिभावकों में भय का वातावरण बनता है। मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखें और इस हृदय विदारक घटना को लेकर कोई राजनीति न करें। आहत परिवारों की मदद करें, राजनीति नहीं। जो भी मांगे हैं उनको सक्षम स्तर पर पहुंचाकर यथा संभव जो भी हो सकता है, निस्तारण करवाने का प्रयास करेंगे। राजे ने का कि मैं ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करती हूं।

गौरतलब है कि झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से सात बच्चों की मौत हो गई। वहीं 28 घायलों में से 9 की हालत गंभीर है। क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, इमारत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

# बदमाशों ने युवक पर फायरिंग की, युवक घायल

- फायरिंग के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है
- हमलावरों की धरपकड़ के लिये पुलिस टीमें लगी

**कोटा, (निसं)।** दादाबाड़ी थाना इलाके में गुरूवार देर रात्रि को मोटरसाइकिल पर आये बदमाशों ने घर के बाहर खड़े युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में युवक के दो गोलियां लगी, युवक को घायलावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना दादाबाड़ी इलाके के वक्फ नगर की बताई गई। फायरिंग की सूचना पाते ही दादाबाड़ी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए सामने आये सीसीटीवी फुटैज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। फायरिंग के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। फायरिंग में घायल इरशाद को परिजनो ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया हैं। दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि गुरूवार रात्रि को इरशाद कही से घर पर पहुंचा ही था कि बाइक पर आये बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर अल्फेज व उसके कुछ साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, मामले में सामने आया कि फरियादी इरशाद ने पूर्व में अल्फेज के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर अल्फेज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर इरशाद पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि हमलावरों की धरपकड़ के लिये पुलिस टीमें लगी हुई है, जगह-जगह पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही है। जल्द ही हमलावरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# लिवइन रिलेशन में रहने वाले युगल का होटल से अपहरण

- युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, बेहोशी की हालत में पावटा ठेलों के पीछे फेंका
- मारपीट में युवक के पैर भी फ्रैक्चर हो गए, अस्पताल में भर्ती कराया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में मंडोर स्थित मगराज का टाका क्षेत्र में रहने वाले एक युवक व युवती का पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल से अपहरण कर लिया गया। उसके बाद युवक से बुरी तरह मारपीट करने के साथ पेड़ से बांध कर पिटाई की गई। आरोपियों ने युगल को दो कारों में डाला और रास्ते भर युवक को पीटा गया। बाद में शहर के पावटा क्षेत्र में ठेलों की पीछे लाकर पटक दिया। होश आने पर उसे मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने पर्चा बयान देकर बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। जांच मारवाड़ जंक्शन पुलिस की तरफ से की जा रही है। मारपीट में उसके पैर भी फ्रैक्चर हो गए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मगराज का टांका मंडोर निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह एक युवती को 17 जुलाई को अपने साथ लेकर गया था, जिस पर युवती की मां की तरफ से बनाड़ थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। इनके द्वारा एक इकरारनामा बाबत लिव इन रिलेशनशिप निष्पादित करवाकर नोटेरी पब्लिक करवाया था। बाद में बनाड़ थाने में युगल ने अपने बयान दर्ज करवा दिए थे। युवती ने अपनी मर्जी से जाना बताया था। इसके बाद दोनों लूणी चले गए। कुछ दिन लूणी में रूकने के बाद यह लोग मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल में रहने लगे। 21 जुलाई की रात तीन बजे युवती का मामा पप्पू, करीम, साहिल, जाकिर, आकाश, अशोक, यशपाल आदि दो कारें लेकर वहां पहुंचे। होटल से इन दोनों का अपहरण कर लिया। पर्चा बयान में बताया कि आरोपियों ने बीच रास्ते उसके पास रखे साढ़े चार हजार रूपए, मोबाइल छीन लिया और मारपीट करते रहे। बाद में युवती को दूसरी कार में डाल दिया गया। बाद में सुबह दस बजे आरोपी पप्पू के घर झोपड़ी रोड़ लेकर आए और एक कमरें में बंद कर दिया, जहां पर दिलीप, राजू, पप्पू, ओमा, अनिल आदि शख्स ने उसके साथ मारपीट की। फिर कोकुण्डा लेकर पहुंचे, जहां एक खेजड़ी पेड़ से बांधकर उसे पीटा गया। फिर वहां से रात को पावटा सब्जी मंडी में ठेलों के पीछे अधमरा कर भाग गए। वह बेहोश था। होश आने पर राह चलते लोगों से फोन लेकर अपनी मां को फोन किया। तब मां वहां पहुंची और उसे एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। बनाड़ पुलिस ने पीड़ित युवक के पर्चा बयान पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच मारवाड़ जंक्शन पुलिस की तरफ से की जा रही है।

# करंट से कांवड़ियों की मौत का मामला, मुआवजे को लेकर भूख हड़ताल जारी

- मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी और झुलसे अन्य लोगों को उचित आर्थिक सहायता की मांग

**अलवर, (निसं)।** अलवर के लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के बिचगांवा गांव में दो कांवड़ियों की करंट लगने से हुई दर्दनाक मौत के मामले ने परिजन अभी भी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हादसे के बाद प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की गई थी, लेकिन मृतकों के परिवारजन और ग्रामीण इससे असंतुष्ट हैं। इसी के चलते दूसरे दिन भी गांव के लोग बिचगांवा बस स्टैंड पर भूख हड़ताल पर बैठे रहे।

भूख हड़ताल पर बैठे लोगों की मांग है कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी और करंट लगने से झुलसे अन्य लोगों को उचित आर्थिक सहायता दी जाए। परिजनों का कहना है कि सरकार द्वारा घोषित राशि नाकाफी है और हादसे की गंभीरता को देखते हुए न्यायोचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। भाजपा नेता श्याम सुंदर मीना भी पीड़ित परिवारों की मांगों का समर्थन करते हुए भूख हड़ताल में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह हादसा लापरवाही का परिणाम है और प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ितों को पूरी सहायता दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि यह हादसा उस समय हुआ था, जब कांवड़ यात्रा पर निकले युवकों की गाड़ी बिजली के हाईटेंशन लाइन को छू गई थी, जिससे करंट फैल गया और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 32 अन्य लोग झुलस गए थे।

# दवा खरीद के लिए जारी 9.50 करोड़ का टेंडर निरस्त

- 19 प्रकार की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर में खामियां उजागर हुई

**बीकानेर, (निसं)।** पीबीएम हॉस्पिटल में कैंसर सहित विभिन्न 19 प्रकार की दवाओं की खरीद के लिए 9.50 करोड़ रुपए के टेंडर में खामियां उजागर होने के बाद पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने टेंडर निरस्त कर दिए हैं।

पीबीएम हॉस्पिटल की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के तहत पिछले दिनों 19 तरह की दवाएं खरीदने के लिए 9.50 करोड़ के रेट कांट्रेक्ट करने के लिए टेंडर पिछले दिनों किए गए थे। टेंडर में कैंसर की दस महंगी दवाएं भी शामिल थी, जिनमें से पांच नई दवाएं थी, जो कभी यूज ही नहीं ली गई। टेंडर कमेटी ने कैंसर विशेषज्ञों की राय लिए बिना ही इन दवाओं को टेंडर में शामिल कर लिया। पीबीएम हॉस्पिटल में दवाएं खरीदने के लिए 9.50 करोड़ के टेंडर की जांच में बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। टेंडर कमेटी में शामिल सदस्यों ने कैंसर विभाग से राय लिए बिना ही कैंसर की दवाओं को शामिल कर लिया, जबकि उन्हें उन दवाओं की उपयोगिता को लेकर कोई अनुभव नहीं था। जानकार सूत्रों का कहना है कि टेंडर में कैंसर की ऐसी दवाओं को शामिल कर लिया गया, जो हाल ही में रिसर्च के बाद बाजार में आई हैं। राजस्थान के अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को वह दवाएं अभी नहीं दी जा रही हैं। हैरानी की बात ये है कि उन दवाओं को लेकर किसी तरह की डिमांड ही नहीं थी।

कैंसर विशेषज्ञों से भी उन दवाओं के संबंध में पूछने की जरूरत नहीं समझी गई। इतना ही नहीं ड्रग वेयर हाउस से केवल एक ही मेडिसिन की एनएसी जारी हुई थी। वह भी एक महीने पहले। इसके अलावा शेष 18 तरह की दवाओं की एनएसी लिए बिना ही टेंडर कर दिए गए, जबकि पांच तरह की दवा सरकार से निशुल्क सप्लाई होती है। दरअसल दवाओं की सप्लाई के लिए 50 करोड़ की आरसी के चलते नया टेंडर करने से कमेटी की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। कमेटी में अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार के अलावा सीनियर लेखाधिकारी अभिषेक गोयल, डॉ. मनोज माली और डॉ. सुभाष गौड़ शामिल हैं। बिड डॉक्यूमेंट पर इन सभी के साइन हैं। अब कहा जा रहा है कि डॉक्टरों ने बिड डॉक्यूमेंट ठीक से पढ़ा ही नहीं था, कार्मिकों के भरोसे साइन कर दिए।

# नया शिक्षा सत्र शुरू, सरकारी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं

- पहली से छठी क्लास के विद्यार्थी पिछले 24 दिन से बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य के स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने, दाखिला लेने वाले पहली से छठी क्लास के विद्यार्थी पिछले 24 दिन से बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में अभी तक पहली से छठीं कक्षा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं हुआ है। इस कारण शिक्षक विद्यार्थियों को ऑनलाइन कंटेंट के द्वारा ही पढ़ा रहे हैं। उधर, अगले महीने 18 अगस्त से फर्स्ट टेस्ट शुरू हो जाएंगे।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने इस साल पहले चरण में पहली से पांचवीं कक्षा के सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव किया है। छठी कक्षा की भी कुछ किताबें भी बदली गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को पुरानी किताबों से भी नहीं पढ़ाया जा रहा है। हालांकि पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से निशुल्क किताबों का वितरण शुरू कर दिया गया है, लेकिन जिले के अधिकांश स्कूलों में फिलहाल सातवीं से 12वीं की पुस्तक ही पहुंची हैं। पहली से छठीं कक्षा की पुस्तक नहीं पहुंचने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हालांकि शिक्षा निदेशक ने प्रवेशोत्सव के साथ ही छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण शुरू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को फिलहाल किताबों का इंतजार है।

# पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन

**ब्यावर, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर दो स्थित मोहन नगर, दया नगर की महिलाओं ने कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन कर गहरा रोष व्यक्त किया। महिलाओं ने बताया कि बीसलपुर बांध में पर्याप्त पानी होने तथा गत वर्ष और इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के बावजूद मोहन नगर, दया नगर के वासींदों को पानी की सप्लाई पूरी नहीं दी जा रही है, जिससे आए दिन लोगों को टैंकर से पानी मंगवाकर पानी पीने को मजबूर और होना पड़ रहा है।

महिलाओं ने बताया कि टैंकर का पानी भारी तथा फ्लोराइड युक्त आता है जिससे स्वास्थ्य एवं आर्थिक हानि दोनों वहन करनी पड़ रही है। जलदाय विभाग में कई बार शिकायत करने पर जांच के नाम पर जिस दिन कर्मचारी जांच करने आते हैं वाल पूरा खोल दिया जाता है और फिर लगातार वाल कम खोलने की वजह से वही स्थिति बनी रहती है, जिससे क्षेत्र वासियों में भारी रोष व्याप्त है। शुक्रवार को क्षेत्र की महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा और कार्यालय में कर्मचारियों को खरी-खोटी सुनाई। उल्लेखनीय है कि मोहन नगर के निवासी पिछले दो वर्ष से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

# खेजड़ी की रक्षा कर रहे लोगों पर फायरिंग का विरोध

**बीकानेर, (निसं)।** भानीपुरा में खेजड़ी की रक्षा कर रहे लोगों पर देर रात फायरिंग के विरोध में ग्रामीणों ने पूगल थाने पर प्रदर्शन कर एसएचओ को परिवाद दिया है, लेकिन देर रात तक इस संबंध में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया। उधर पटवारी ने पेड़ों की कटाई को लेकर फर्द रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी है।

जानकारी के अनुसार भानीपुरा के ग्रामीण शाम को पूगल थाने पहुंचे। गेट पर प्रदर्शन कर फायरिंग करने वाले बदमाशों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने तथा खेजड़ी की कटाई बंद करने की मांग की। एसएचओ पवन सिंह को परिवाद देकर ग्रामीणों ने जान माल की रक्षा करने की गुहार लगाई है। परिवाद के अनुसार 22 जुलाई की रात एक और दो बजे के बीच अल्फ सोलर प्लांट में अवैध रूप से खेजड़ी कटाई की सूचना मिली थी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वन माफिया ने उनके पीछे गाड़ियां दौड़ाई। जान से मारने की नीयत से ग्रामीणों की दो गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा पिस्तौल से फायर किए। परिवाद में कहा है कि कंपनी ने अवैध रूप से खेजड़ी की कटाई करने के लिए आपराधिक प्रवृति के लोगों को बुला रखा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बदमाश लोग नशे की हालत में खेजड़ी काटने आते हैं। खेतों में जो भी दिखाई देता है उसे गाड़ी से कुचलने की कोशिश करते हैं। परिवाद देने वालों में सरपंच प्रतिनिधि ईसरराम, दुर्गसिंह, मदन सिंह, श्रवण सिंह, मनोहर सिंह, विशाल सिंह, मूल सिंह, भंवर सिंह, छैलूसिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। इस घटना को लेकर देर रात तक पूगल थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया था।

भानीपुरा पटवारी मूलदान चारण ने मौके की फर्द रिपोर्ट तैयार कर राजस्व तहसीलदार को सौंपी है। इस रिपोर्ट में लिखा है कि अल्फ सोलर अमरसर प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में अवैध रूप से खेजड़ी के 191 पेड़ काटे गए हैं। यह जमीन अलग-अलग खातेदार जगुकंवर, किशन संह, मोहन सिंह, शिशुपाल सिंह, मूलसिंह, कालूसिंह, नरपतसिंह, मोहन सिंह, रामप्रताप नायक, जगमाल सिंह, पूनम सिंह, महेंद्र सिंह, राजूसिंह, शिवसिंह, कुशालसिंह, शिशपालसिंह, जयपालसिंह, गजूसिंह, रूप कंवर, संतोष कंवर से सोलर कंपनी ने लीज पर ली हुई है। पटवारी ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधि को खेजड़ी नहीं काटने के लिए दूरभाष पर पाबंद किया है।

# अवैध बजरी खनन में लिप्त वाहन जब्त

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र की कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन पर जिला स्पेशल टीम की बड़ी कार्रवाई की। आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली व दो जेसीबी जब्त की। इससे खनन माफिया में हड़कंप मच गया।। जिले में अवैध बजरी खनन पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिला स्पेशल टीम ने मांडल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली कोठारी नदी में शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध बजरी खनन में लिप्त आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो जेसीबी मशीनों को मौके से जब्त किया गया, जबकि कई खनन माफिया और उनके वाहन मौका पाकर फरार हो गए।

# पुलिस ने फायरिंग कर तस्कर की कार को रोका, 141 किलो डोडा-चूरा बरामद

**कोटा, (निसं)।** प्रदेश में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने एवं तस्करों की धरपकड़ के लिये केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 141 किलो डोडा-चूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम को देखकर कार में सवार आरोपी ने सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया, टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो राउंड फायरिंग कर कार का टायर क्षतिग्रस्त कर दिया। टीम ने आरोपी का पीछा कर आरोपी को अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा सहित गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी उदयपुर नंबर की क्रेटा कार से प्रतापगढ़ क्षेत्र से मारवाड़ क्षेत्र की ओर भारी मात्रा में अवैध डोडा-चूरा लेकर जा रहा है। सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन), चित्तौड़गढ़ सेल और चित्तौड़गढ़ डिवीजन प्रथम के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और वाहन की पहचान करने के बाद, संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया।



सीबीएन टीम ने कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त किया।

- टीम ने आरोपी का पीछा कर आरोपी को डोडा-चूरा सहित गिरफ्तार कर लिया
- टीम को देखकर कार में सवार आरोपी ने सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया था

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि कार चालक ने रुकने के बजाय सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास करते हुए वाहन की गति तेज कर दी। टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निवारक दल द्वारा टार राईफल से दो राउंड फायर किए गए, जिससे कार का एक टायर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद सीबीएन अधिकारियों ने कार का लगभग एक किलोमीटर तक पीछा किया और मंडलाचारण-बाड़ी रोड़, माइंस रोड चौराहा के पास, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ पर उसे रोक लिया। चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन निवारक दल ने उसे पास के खेत में पकड़ लिया और उसके वाहन की तलाशी ली। टीम ने तलाशी के दौरान कार से 141.290 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया और एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत को मजबूत करने के लिए अनुशासन, आत्म बल और ज्ञान की जरूरत : उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

■ भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर-प्रांत द्वारा 'व्यास पूजा उत्सव-2025' कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली** । उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार, युवा मामले और खेल, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने के लिए गुरु की तलाश होती है, गुरू ही है जो हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त कर हमारा उत्थान करता है। भारत को मजबूत करने के लिए अनुशासन, आत्म बल और ज्ञान की जरूरत है जो कि गुरु शिष्य परंपरा से आएगा। राठौड़ भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर-प्रांत द्वारा कोटपूतली के एक निजी होटल सभागार में आयोजित 'व्यास पूजा उत्सव-2025' कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। आयोजन में गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय शिक्षा पद्धति की गरिमा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। राठौड़ ने कहा कि गुरु और शिष्य के बीच की आत्मिक कड़ी ही हमारी शिक्षा व्यवस्था की असली नींव है। उन्होंने पारंपरिक भारतीय शिक्षा मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा जीवन में हमारे आगे बढ़ने के लिए हर व्यक्ति को गुरु की आवश्यकता है और मां को सबसे बड़ी गुरू बताते हुए गुरु शिष्य के रिश्ते के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा की।

राठौड ने कहा कि देश में खुशहाली लाने के लिए सरकार के टूरिज्म, हेल्थ, एजुकेशन, लॉजिस्टिक, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी के तहत योजनाएं बना रही है ताकि राजस्थान के व्यापारियों को आगे बढ़ने का मंच मिले। उन्होंने कहा कि दूसरे देश में रहने वाले राजस्थान के लोग में राजस्थान आए व एक आर्थिक माहौल को मजबूत करें इस हेतु हमने कई नीतियां बनाई है। इस दिशा में हमने बिजनेस करना आसान व सस्ता किया है। साथ ही अन्य कई निर्णय बी लिए हैं, वहीं राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राजस्थान में लए निवेश आए हैं, राइजिंग राजस्थान के तहत 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए और अभी तक तकरीबन 3 से 3.50 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग अलग-अलग विभागों के साथ मिलकर एक आईटी ढांचा तैयार कर रहा है ताकि सिंगल विंडो क्लीयरेंस को कारगर बना सके। राठौड़ ने बताया कि विभाग द्वारा एक मोबाइल एप भी बनाया गया है जहां निवेशक अपने निवेश को ट्रैक कर सकते हैं और पहली बार पॉलिसी के तहत डायरेक्ट लैंड एलॉटमेंट किया गया है जहां निवेशकों को नीलामी में नहीं जाना पड़ा। उन्होंने रिप्स-2024 के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत तकरीबन हजार करोड़ सब्सिडी में दिए हैं इससे रोजगार भी उत्पन्न होगा और सुविधाओं में विस्तार भी मिलेगा। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि ओडीओपी के तहत क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं जिससे की बुनियादी सुविधाएं मिलें। स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मंच दिलाना ही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कारगिल युद्ध के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान के अनेक शहीदों ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है, हम सभी यदि हमारी सोच को मजबूत करें और देश के लिए योगदान दें तो हम भी देश की रक्षा में हिस्सेदारी निभा सकते हैं।

मुख्य वक्ता बी.आर. शंकरानंद, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल ने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीकांत, क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख, प्रोफेसर कल्पना कटेजा, कुलगुरु, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर जीपी सिंह, क्षेत्रीय संयोजक, उत्तर पश्चिम राजस्थान क्षेत्र ने की।



कोटपूतली में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ 'व्यास पूजा उत्सव' कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# गांव का फिजूल खर्च रोकने का फैसला

**अलवर।** बहरोड़ के नासरपुर गांव में शुक्रवार को भगवान शिव मंदिर के 10वें स्थापना दिवस पर ग्रामीणों ने समाज सुधार के लिहाज से बड़े फैसले लिए हैं। मुख्य रूप से तय हुआ कि एक-दूसरे की होड़ में छोटे-छोटे आयोजनों पर बहाए जाने वाले खर्च को कम करना है।

जैसे खुशी के मौके पर आने वाले किन्नरों को अधिकतम 1100 रुपए दिए जाएं। इसके अलावा कुआं पूजन और भात न्योतने जैसे छोटे कार्यक्रमों में बड़े गिफ्ट लेन-देन पर लगाम लगे ताकि गरीब परिवार अधिक खर्च से बच सकें।

गांव के निवासी ने बताया- शिव मंदिर में स्थापन दिवस पर भंडारे और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे गांव के लोग एकत्रित हुए। गांव की महिलाएं भी भजन-कीर्तन में शामिल हुई थी।

इन सबके बीच में गांव के लोगों ने तय किया कि मौजूदा समय एक-दूसरे को देखकर गरीब परिवार भी छोटे से छोटे कार्यक्रम में अपने बूत से बाहर पैसा खर्च करने लगा है। चाहे उसके लिए कर्ज लेना पड़े। इस कारण काफी परिवारों पर कर्ज बढ़ा है। इस बनावटी और दिखावटी खर्च से बचने के लिए गांव ने तय किया कि शादी व जन्मोत्सव पर आने बधाई देने आने वाले किन्नरों को 1100 रुपए भेंट दी जाएगी। इसके अलावा अन्य छोटे मोटे आयोजन में अधिक खर्च न हो। इसके लिए आमजन से समझाइश की गई है।

सबने एक राय होकर स्वीकार किया है। जैसे भात न्योतने आने वाली बहन बेटी वाले आयोजन में बहुत ज्यादा खर्च किया जाना लगा है। यह परंपरा सही नहीं है।

एक-दूसरे को देखकर अधिक से अधिक पैसा खर्च किया जाने लगा है। जो सही नहीं है। बहन-बेटी भी छोटे-मोटे कार्यक्रम में अधिक महंगे गिफ्ट लेकर आने लगी है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# एमबी हॉस्पिटल को मिले 40 सिनियर नर्सिंग ऑफिसर

**उदयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने सीनियर नर्सिंग ऑफिसर की पदस्थापना सूची गुरुवार रात को जारी की। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि गुरुवार देर रात जारी हुई पदस्थापना सूची में 1424 नर्सिंग ऑफिसर को सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पर पदोन्नति कर पदस्थापन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी पिछले लंबे समय से पदस्थापना सूची जारी करवाने पर प्रयासरत थे। राजस्थान में 1424 सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मिलने से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और बीमारी को भी सहायता मिलेगी। पदस्थापना सूची में एमबी हॉस्पिटल उदयपुर को 40, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को 5 व पन्नाधाय महिला चिकित्सालय में 11 सीनियर नर्सिंग ऑफिसर का पदस्थापन हुआ है। सभी को यथा स्थान पदस्थापन होने से खुशी का माहौल है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा सहित संगठन के सभी पदाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# सूने मकान में नकबजनी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने एक सूने मकान में नकबजनी की वारदात के मामले में दबिश देकर फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की हैं। उल्लेखनीय है कि थाना पुलिस ने पूर्व में वारदात का पर्दाफास करते हुये कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया 05 लाख रूपयों की किमत का घरेलू सामान बरामद किया था। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 08 जुलाई को वार्ड नं. 20 मौहल्ला बाछडी निवासी कैलाश गुप्ता ने दर्ज करवाया था कि वह व्यापार के सिलसिले में परिवार सहित बाहर गया हुआ था। जहां सूचना मिली कि मेरे घर में चोरी हो गई हैं। चोरों ने घर के ताले व शटर काटकर वहां रखे 04 सिलेंडर, एलईडी टीवी, इर्न्वटर व बैट्री, मोटर मय र्स्टाटर, 50 हजार रूपयों की नकदी, एसी, 1.5 किलोग्राम के चांदी के जग सैट, 04 सोने की चुडी (06 तोला), 04 जोडी पायजेब, 04 जोडी चुटकी, आर ओ गिजर, 01 लाख रूपये किमत की 50 साड़िया, 1.5 लाख रूपये की किमत के 02 शादी के लहंगे, कासी व पितल के बर्तन, शादी के कपड़े आदि पार कर ले गये। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से गैंग की पहचान करते हुये दबिस देकर 05 अभियुक्तों क्रमशः कस्बे के रामभवन के सामने रहने वाले सुरेश उर्फ बच्चा (30) नागाजी की गौर निवासी राहुल उर्फ पन्या (24) पुत्र वेदप्रकाष खटीक, शाहपुरा के गंगा मार्केट हाल ग्राम पूतली निवासी राहुल (23) पुत्र कैलाष नायक, प्रागपुरा के मौहल्ला खटीकों का निवासी विक्की (26)व ग्राम बामनवास की ढ्राणी सरदारपुरा निवासी विक्रम (30) को गिरफ्तार करते हुये उक्त अभियुक्तों से पुलिस ने चोरी किये गये सामान में से करीब 05 लाख रूपये किमत का घरेलू सामान भी बरामद कर लिया था।


कोटपुतली पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवनों का सघन सर्वे होगा : डॉ. आर्तिका शुक्ला

■ जिले में विद्युत विभाग 7 दिवस में विद्युत लाइन, विद्युत पोल इत्यादि को मापदण्डों के अनुरूप दुरूस्त कर क्षेत्रवार जारी करेंगे सर्टिफिकेट

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जर्जर मकानों का सघन सर्वे कर क्षितठास्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने व उनको तत्काल वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिये हैं तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को 7 दिन में जिले में ढीली विद्युत लाइन, नीचे ट्रांसफार्मर, टेडे विद्युत पोल इत्यादि को दुरुस्त करवा कर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था सुचारू होने का सर्टिफिकेट जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला कलक्टर के द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मानसून से पूर्व जारी विस्तृत आदेशों के क्रम में जिला कलक्टर ने जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जर्जर भवनों का तत्काल पुनः सर्वे प्रारम्भ कर जीर्ण-शीर्ण पाए गए भवनों को वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व उपखंड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों का तत्काल सघन सर्वे प्रारम्भ कर क्षितग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने के निर्देश दिए तथा इनका उपयोग बच्चों को बैठाने व अन्य किसी भी गतिविधि में ना हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। जीर्ण-शीर्ण पाए गए विद्यालयों एवं आंगनबाडी भवनों से बच्चों को वैकल्पिक व सुरक्षित भवन चिन्हित कर उनमें शिफ्ट करावे।

इसी प्रकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जीर्ण-शीर्ण भवनों से भी परिवारों को शिफ्ट करावे। उन्होंने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में आवागमन के रास्तों को दुरूस्त करावे। उनमें जल भराव नहीं हो। उन्होंने मानसून पूर्व विद्युत विभाग को जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया है कि जिले में 7 दिन के अंदर व्यापक सर्वे के माध्यम से विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल इत्यादि को निर्धारित मापदंडों के अनुसार दुरस्त करवाकर प्रत्येक क्षेत्र के लिए दुरुस्तीकरण पूर्ण करने सर्टिफिकेट संबंधित सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियन्ता से लेकर प्रस्तुत करें। सर्वे व दुरूस्तीकरण कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर** । राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड उदयपुर के सहयोग से राहडा फाउंडेशन की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को विभाग की चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड विभिन्न आर्थिक सहायता योजनाएं प्रदान करता है, जिनका उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, अन्य पिछडा वर्ग और दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और व्यवसाय शुरू करने में मदद करना है। ये योजनाएं मुख्य रूप से ऋण प्रदान करने पर केंद्रित हैं, जो विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में विभाग की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी मोहित माखिजा व बापू लाल मीणा सूचना सहायक तथा संतोष सेन उपस्थित रहे।

# नियोक्ता व कर्मचारियों को योजना के लाभ के लिए जागरूक किया

**अलवर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय अलवर के संयुक्त निदेशक मुकेश चन्द्र मीणा की अध्यक्षता में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ऑडिटोरियम में आज श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई स्प्री योजना के संबंध में औद्योगिक संगठनों एवं नियोक्ताओं को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया।

उप क्षेत्रीय कार्यालय के सयुक्त निदेशक मुकेश चन्द्र मीणा ने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दी जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा श्रम मंत्रालय के तत्वावधान में शुरू की गई यह योजना ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने की एक विशेष पहल है। यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि में अपंजीकृत नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों जिनमें संविदा एवं अस्थायी कर्मचारी भी शामिल हैं को बिना किसी निरीक्षण या पिछली देनदारी की मांग के ईएसआईसी में पंजीकरण का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि नियोक्ता अपनी इकाइयों और कर्मचारियों का पंजीकरण ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल, एवं एमसीए पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से कर सकते हैं। पंजीकरण की वैधता नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से मानी जाएगी और पंजीकरण से पूर्व की अवधि के लिए कोई अंशदान या निरीक्षण लागू नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देती है, बल्कि पूर्वव्यापी दंड के भय को भी समाप्त करती है। इससे पहले, निर्दिष्ट समय-सीमा में पंजीकरण न करने पर कानूनी कार्रवाई, बकाया भुगतान, ब्याज और पेनल्टी का सामना करना पड़ता था। स्प्री योजना 2025 इन बाधाओं को समाप्त कर छूटे हुए प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को ईएसआईसी के दायरे में लाने का कार्य करेगी, जिससे विशेषकर संविदा क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को आवश्यक स्वास्थ्य एवं सामाजिक लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# एसीएस आनंद कुमार को अरण्यं पुस्तक भेंट

**उदयपुर।** भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पर्यावरण विषयक पुस्तक अरण्यं अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन एवं पर्यावरण) आनंद कुमार, आईएएस को भेंट की। इस मौके पर भटनागर ने एसीएस कुमार को बर्ड फेस्टिवल व पैडल-टू-जंगल सहित परिंदों और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित होने वाली ग्रीन पीपल सोसाइटी की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ वन अधिकारियों की सम्मानजनक उपस्थिति रही, जिन्होंने अरण्यं की विषयवस्तु की सराहना करते हुए इसे प्रकृति संरक्षण और सामाजिक चेतना के संगम का प्रभावी माध्यम बताया। भटनागर ने पुस्तक की विषयवस्तु के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वन विभाग में उनके कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित अरण्यं पुस्तक पारिस्थितिक संतुलन और सांस्कृतिक महत्व पर केंद्रित है।

# पूर्व विधायक गुर्जर का जन्मदिन मनाया

**पावटा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव और पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर के जन्मदिन पर शुक्रवार को कांठोस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांठोस ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी के नेतृत्व में कस्बे के गोपीनाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में उपस्थित गौवंशों को हरा चारा, गुड़ और दलिया खिलाकर सेवा कार्य किये गये।

इन्द्रराज गुर्जर के 42वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 51 पौधे लगाये गये। पौधारोपण का यह कार्यक्रम राजकीय विद्यालय, गौशाला और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया। इसके अलावा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा और आंगनबाडी केंद्र में बच्चों को फलों का वितरण किया गया। वही विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के 42 वें जन्मदिन पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पावटा मे युवा नेता ओपी बायला के नेतृत्व मे पौधारोपण करके पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर की लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान ब्लॉक कांठोस उपाध्यक्ष शिम्भू दयाल हाडिया, ज्ञानचंद टेलर, रिजवान कुरेशी, सीताराम सिंघल, विक्रम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, गणेश सैनी, सुनिल गुप्ता, मनोज सोनी, श्रीराम चौधरी, अमित चौहान, दौलत सैनी, लोकेश यादव, सोनू बंसल, जितेन्द्र यादव, महावीर चावला, इरफान कुरेशी, शहिद लुहार, धर्मपाल, चोबाला सरपंच प्रतिनिधि राजू धनकड, कांठोस नेता जुगल यादव, समाजसेवी बबलू प्रजापति, करतार सिंह शेखावत, कैलाश यादव, रवि स्वामी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अजय सैनी व ओपी बायला ने कहा कि इन्द्रराज गुर्जर के जन्मदिन पर सेवा कार्य करना उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करने का एक तरीका है।

# श्री श्याम परिवार की सभी इकाईयों ने मिल कर लगाए 551 पौधे

**गंगापुर सिटी।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति, श्री श्याम गौ सेवा समिति एवं श्री श्याम महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में श्री श्याम गौशाला पर वृक्षारोपण, अमावस्या संकीर्तन एवं लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर योगेश शर्मा, अध्यक्षता भामाशाह रमेश पटवारी, विशिष्ट अतिथि भुवनेश सिंघल रामगंज मंडी एवं भानु प्रकाश गुप्ता एडवोकेट ने सर्वप्रथम बाबा श्याम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुरेश जी खूंटला द्वारा गणेश वंदना एवं हनुमान वंदना के साथ स्तुति की गई। समिति अध्यक्ष नंदकिशोर धोलेटा के द्वारा मैं हूं तेरा नौकर तेरी हाजिरी रोज लगाता हूं प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मंचासीन अतिथियों का समिति पदाधिकारी द्वारा तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहन कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों के द्वारा गौशाला के चारों ओर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें अशोक, कदम, आम, कल्पवृक्ष, अमरूद, नीम, बढ, नींबू, गुलमोहर, जामुन, शमी पत्र सहित कई तरह के 551 पौधे आरोपित किए गए। जिसमें 61 पौधों पर ट्री गार्ड लगाए गए। महिला मंडल द्वारा आयोजित लहरिया महोत्सव में महिलाओं एवं बच्चों ने गौशाला में लगे झूलों पर झूलकर सावन की मल्हार का आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सावन के गीतों पर नाचकर खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ योगेशजी शर्मा द्वारा सभी श्याम प्रेमियों के लिए गौ सेवा का संदेश दिया गया और बताया कि कुछ दिनों पहले गंगापुर क्षेत्र की सभी गौशालाओं का औचक निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किया गया था जिसमें केवल श्री श्याम गौशाला ही एकमात्र ऐसी गौशाला थी जिसका सभी अधिकारियों ने एक स्वर में समर्थन किया एवं कहा कि यह गौशाला अपने सभी मानकों पर खरा उतरती है।



गंगापुरसिटी में श्रीश्याम परिवार की सभी इकाईयो ने 551 पौधे लगाए।

## सार-समाचार

### पौधारोपण से सशक्त कदम

**उदयपुर** । जिला प्रशासन के निर्देशानुसार वन मंडल, उदयपुर की ओर से ग्रीन लंग्स, रिसाला उदयपुर में वन महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत पंच गौरव योजना के तहत "एक जिला, एक वृक्ष" अभियान के तहत आयोजित वन महोत्सव में मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी रही। अध्यक्षता उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन रहे। उप वन संरक्षक मुकेश सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस वर्ष के लिए उदयपुर जिले का चिन्हित वृक्ष "महुआ" तथा उद्यानिकी वृक्ष के रूप में "सीताफल" को चुना गया है। कार्यक्रम के दौरान 200 महुआ एवं 200 सीताफल के पौधों का सामूहिक रूप से रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पौधारोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, ग्रामीण नागरिकों तथा वन विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित 200 से अधिक लोगों की सहभागिता रही। संभागीय आयुक्त केवलरमानी ने ग्रामीणों एवं बच्चों को जन अभियान के रुप में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। युडीए आयुक्त श्री जैन ने स्कूली बच्चों से पौधा लगवाकर उनकी देखभाल करने पर जोर दिया। महुआ एवं सीताफल दोनों ही वृक्ष विशेष रूप से आदिवासी समुदायों की आजीविका से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। महुआ का उपयोग पारंपरिक खाद्य, औषधीय एवं धार्मिक उपयोगों में होता है, वहीं सीताफल एक लोकप्रिय फलवृक्ष है जो ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और आय का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने हर्षोल्लास से भाग लेते हुए "एक बच्चा, एक पौधा" का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक रूप से किए गए इस प्रयास ने वन महोत्सव को एक जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल वृक्षारोपण करना था, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं भावी पीढ़ियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित करना भी था। इस अवसर पर वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, हरियाली बढ़ाने और सतत विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन वृक्षों की देखरेख और संरक्षण हेतु सभी सहभागियों को नियमित निगरानी एवं संवेदनशीलता से जुड़ने के आग्रह के साथ किया गया। सहायक वन संरक्षक घनश्याम कुमावत एवं सहायक वन संरक्षक सुश्री सुरेखा चौधरी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### कलक्टर कोटड़ा दौरे पर रहे

**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल शुक्रवार को जिले के सुदूरवर्ती आदिवासी अंचल कोटड़ा उपखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान जिला कलक्टर ने उपखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न राजकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर सबसे पहले एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, भवन की स्थिति, भोजन व्यवस्था और छात्रावास की स्थिति का गहन अवलोकन किया। मेहता ने विवेकानंद मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालय, बालिका छात्रावास और अन्य आवासीय परिसरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों की स्थिति, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। जिला कलक्टर ने उपखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति डीओआईटी सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, पेयजल और बिजली आपूर्ति, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति समेत विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोटड़ा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की सुलभता, पारदर्शिता और गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और छात्रावास सुविधाओं की निगरानी को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, कोटड़ा उपखंड अधिकारी हँसमुख कुमार, समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रभारी सचिव 26 से उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर।** खान एवं पेट्रोलियम विभाग प्रमुख शासन सचिव एवं उदयपुर जिले के प्रभारी सचिव टी. रविकान्त 26 जुलाई से उदयपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी सचिव रविकांत 26 जुलाई को प्रातः 7:55 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। सुबह 11 बजे खान एवं भू-विज्ञान निदेशालय में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। मध्यान्ह पश्चात 3 बजे राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं/कार्यक्रमों एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति समीक्षा एवं 27 जुलाई को होने वाले वन महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। साथ ही मौका निरीक्षण भी करेंगे। 27 जुलाई को वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### किसान की कुएं में गिरने से मौत

**मसूदा** (निसं)। मसूदा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठाम नासुन निवासी किसान मदन पुत्र बज्जा जाति रावत अपने खेत पर कार्य कर रहा था। पानी पीने के लिए कुएं पर गया कुएं में पानी ज्यादा होने से संतुलन बिगड़ने से मदन कुएं में गिर गया। खेत पर अन्य लोग काम कर कार्य कर रहे थे उनके चिल्लाने से ग्रामीणों की मदद से मदन को काफी मकसद के बाद कुएं से बाहर निकाल सूचना मिलने पर पूर्व सरपंच गिरधारी गुर्जर व अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पहुंचे। मसूदा पुलिस को घटना की जानकारी दी मसूदा पुलिस में जाति के मसूदा उप जिला चिकित्सालय पहुंच कर मृतक मदन का शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रख्या जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी।

### मंदिर से मूर्ति व जेवरात चोरी

**उदयपुर।** झाड़ोल कस्बे में स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से चोर मूर्ति एवं छत्र चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुलाई रात में अज्ञात चोर झाड़ोल विद्यानिकेतन स्कूल रोड़ पर स्थित दिगम्बर जैन समाज के मंदिर का ताला तोड़ कर गर्भ गृह में घुस कर भगवान आदिनाथ, संभवनाथ, महावीर स्वामी की मूर्ति पर लगे चांदी के छत्र, तांबे का यंत्र, एसीटीवी, डिवीआर, भगवान पाश्वनर्थान की पीतल की प्रतिमा, परात, पाण्डुशिला चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष हुकुमचंद कोडिया पुत्र कालुलाल कोडिया ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई जगदीश कर रहे है।

### समिति अध्यक्ष का चुनाव 30 को

**उदयपुर।** बड़गांव मध्यम सिंचाई परियोजना के चेयरमैन के चुनाव कार्यक्रम की तिथि निर्धारित कर दी गई है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जल संसाधन खण्ड चित्तौड़गढ़ के अधिशाषी अभियन्ता राजकुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबन्धन में कृषकों की सहभागिता अधिनियम 2000 व नियम 2002 के अन्तर्गत जल उपयोक्ता संगम की जल वितरण समिति के चेयरमैन पद हेतु चुनाव करवाए जा रहे हैं। चुनाव कार्यवाही के तहत 30 जुलाई 2025 को नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे एवं आवश्यकता होने पर उसी दिन 30 जुलाई को ही मतदान कराया जाएगा। नामांकन एवं मतदान की प्रक्रिया बांध जल संसाधन विभाग की गेगंहट बड़गांव पर पूर्ण की जाएगी।

### तीन हमलावर गिरफ्तार

**उदयपुर।** घासा थाना पुलिस ने पीडित पर प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 26 जून को प्रकाश मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि रात में मेरे पिता चौक में बैठे थे। इस दौरान मेरे का का मोहनलाल व उसके पुत्र चेतन व ओमप्रकाश ने घर में घुस कर हमला कर दिया। जिससे मेरे पिता गीीर घायल हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशग गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी प्रवीण सिंह मय टीम ने हमलावर मोहनलाल पुत्र चतुर्भुज व उसके पुत्र चेतन व ओमप्रकाश निवासी खरवड़ों का गुडा घासा को गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त

### बच्चों की मृत्यु पर शोक व्यक्त

कोटपूतली। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना ब्लॉक में शुक्रवार को ग्राम पीपलोद स्थित राजकीय विधालय के भवन के गिरने से हुई मासूम बच्चों की मृत्यु की घटना को लेकर प्रतिक्रिया देते हुये युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष महासचिव भीम पटेल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पटेल ने कहा कि उक्त घटना में जहां मासूम विधार्थियों की मृत्यु हुई हैं। वहीं बड़ी संख्या में विधार्थी घायल भी हुये हैं। उन्होंने मृतक बालकों के परिजनों के प्रति संवेदना व घायल बालकों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईष्वर से कामना करते हुये कहा कि सरकार व अधिकारियों की गंभीर लापरवाही का नतीजा नौनिहाल बालकों व उनके परिजनों ने भुगता हैं। यह कितनी बड़ी लापरवाही है, इसका अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि पूर्व सूचना के बावजूद भी उक्त घटना कारित हुई हैं। घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व षिक्षा मंत्री मदन दिलावर को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिये। साथ ही दोषी अधिकारियों पर कडी कार्यवाही करते हुये मृतक बालकों के परिजनों, घायल विधार्थियों व पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के तत्काल प्रयास करने चाहिये। यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि मानवीय आपदा हैं। सरकार को सोचना चाहिये कि बच्चे वहां पढ़ने के लिये गये थे मरने के लिये नहीं। इस तरह की घटना 21 वीं सदी में भारतवासियों को शर्मसार कर देने वाली हैं।

### गाडिया लुहारों को 11 पट्टे बांटे

अजमेर । अजमेर विकास प्राधिकरण की गाडिया लुहारों को भूखण्ड आवंटन योजना के तहत शुक्रवार को एडीए उपायुक्त व मीडिया प्रभारी सूर्यकांत शर्मा ने 11 पट्टे वितरित किए। शर्मा ने बताया कि कायड के खसरा नम्बर 2997 में धूमंतू व अर्धधूमंतू लोगों के लिए भूखण्ड आवंटन किए जाने का कार्य किया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में 41 आवेदकों को पात्र माना गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में प्रदेशभर में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने, पंचायत राज व नगर निकाय चुनाव में देरी जैसे जनहित मुद्दों पर भाजपा की सरकार के खिलाफ मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में धर प्रदर्शन कर तथा जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष बैरवा ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की राज्य सरकार हर क्षेत्र में पुरी तरह विफल है, राज्य की कानून व्यवस्था बिगड चुकी है, जहां बजरी माफिया का बोल बाला है, बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मची हुई है, वही परीसीमन के नाम पर चुनाव




जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में प्रदेशभर में बिगड़ती कानून व्यवस्था आदि मामलों को लेकर धरना दिया।

टाले जा रहे है तथा भाजपा को चुनाव हारने का खतरा है। उन्होंने कहा कि मनमाने तरीके से परिसीमन किया जा रहा है परिसीमन पर जो आपत्तियां दी गई थी, उसका निस्तारण नहीं किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास

- कांग्रेस जनों का आरोप राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है, साथ ही बजरी माफिया का बोलबाला है

चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आर.जी.एच.एस. नि:शुल्क ईलाज से संबंधित जो कांग्रेस राज में लागू की गई थी, उसे अघोषित रूप से स्थगित अथवा बंद की जा रही है, जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में दो दिन में 1 घंटे पेयजल सप्लाई किया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है तथा संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है, राज्य की कानून व्यवस्था बिल्कुल चोपट हो चुकी है।

# आमजन अधिकाधिक वृक्षारोपण करें : प्रियंका गोस्वामी

**कोटपूतली।** हरियालो राजस्थान एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई रविवार को जिले में विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम माननीय राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि महाविद्यालय पाथरेडी में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें 1500 पौधों का सघन वृक्षारोपण किया जाएगा. हरियाली तीज के अवसर पर जिलेभर में करीब 3 लाख पौधे लगाएं जाने का लक्ष्य है।

अभियान को लेकर जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप पौधरोपण करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने

- हरियाली तीज पर 27 जुलाई को होगा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वन महोत्सव का आयोजन
- कृषि महाविद्यालय पाथरेडी में जिला प्रभारी मंत्री सघन वृक्षारोपण करेंगे

कहा कि केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने हरियालो राजस्थान महा अभियान शुरू किया है। इसी के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार एवं आमजन को पौधरोपण के प्रति जागरूक करने के लिए राज्यभर में वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आमजन से कार्यक्रम में भागीदारी लेने की अपील करते हुए कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर विशेषकर महिलाएं यथासंभव परम्परागत लहरिया परिधान पहनकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बने।

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लक्ष्य तय कर पौधरोपण के लिए गड्ढे खुदवाने, पानी की व्यवस्था करने सहित अन्य जरूरी तैयारियां समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग की नर्सरियों में पर्याप्त पौधे उपलब्ध हैं, जरूरत के मुताबिक वहां से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पौधारोपण को हरियालो राजस्थान मोबाइल ऐप पर जियो टेग करने के निर्देश दिए, ताकि डिजिटल रूप में रिकॉर्ड रखा जा सके।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर पर उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार को प्रभारी अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद कोटपूतली को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# किसानों की आय बढ़ोत्तरी पर चर्चा

**टोंक।** जिले में सब्जियों एवं फलों के प्रोसेसिंग, वेल्यू चेन, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन के माध्यम से पोस्ट हार्वेस्टिंग मेनेजमेंट, मार्केटिंग एवं कृषकों की आय में बढ़ोतरी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया, किसान, उद्यमी, स्टेक होल्डर्स, कृषि, उद्यान, उद्योग, नाबार्ड व कृषि विपणन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्रप्रकाश बढ़ाया ने बताया कि बैठक में जिले में फल एवं सब्जियों के विक्रय को सुनिष्चित करने, प्रसंस्करण इकाईयों को बढावा देने, जिले के विभिन्न उत्पादों को एक्सपोर्ट करने एवं कृषकों की आय बढाने में आ रही समस्या एवं समाधान के बारे में चर्चा की गई। कृषकों ने सुझाव दिया कि जिले में सब्जी फसलोत्पादन के बाद जिले एवं राज्य के बाहर उत्पाद को विक्रय के लिए ट्रांसपोर्टेषन सब्सिडी एवं मार्केट की सुनिष्चितता की जाएं। उपनिदेशक ने कहा कि जिले में वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन एवं

- सब्जियों एवं फलों के प्रोसेसिंग, मार्केटिंग एवं कृषकों की आय में बढ़ोतरी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

प्रोसेसिंग के लिए कृषकों को अधिकाधिक अनुदान उपलब्ध करवाया जायेगा। बैठक में एडीएम ने उद्यानिकी उद्यमियों को नाबार्ड, उद्यान विभाग एवं उद्योग की विभिन्न अनुदानित योजनाओं का लाभ उठाते हुए फसल कटाई उपरांत प्रबंधन एवं प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की सलाह दी। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने किसानों, उद्यमियों को जिले में उत्पादित उत्पादों का अवलोकन कर प्रोसेसिंग यूनिट के लिए प्रेरित किया। उपनिदेशक ने वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन एवं प्रोसेसिंग के लिए संचालित योजनाओं, कम्पोनेन्ट्स की विस्तार से जानकारी कृषकों एवं उद्यमियों को दी।

## सार-समाचार

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**सांभरझील** (निसं)। घर में घुसकर मंदिर के चांदी के छत्र व नगदी चोरी करने के मामले में सांभर पुलिस ने घनश्याम उर्फ भालू पुत्र श्रवण लाल जाति रैगर उम्र 23 साल निवासी गांधी बस्ती रैगर मौहल्ला सांभरलेक व निखिल वणिया पुत्र स्वर्गीय भंवरलाल जाति धोबी उम्र 19 साल निवासी बाबरो का मौहल्ला सांभरलेक थाना सांभरलेक रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी घनश्याम उर्फ भालू के खिलाफ चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट के कुल 11 प्रकरण व आरोपी निखिल के चोरी के 4 प्रकरण हैं । दर्ज है।इस मामले में रामदेव मंदिर के पुजारी सोहनलाल शर्मा के पुत्र धर्मेंद्र शर्मा निवासी लम्बी गली सांभरलेक थाना सांभरलेक जिला जयपुर ने मामला दर्ज करवाया था। आरोपी दिन में मकानों की रैकी करते हैं, फिर मौका पाकर मकानों में जो भी सामान मिलता उसे चोरी कर ले जाते हैं एवं वारदात के बाद कुछ दिनो के लिये अन्य जगह काम करने चले जाते हैं तथा मामला शांत होने पर वापस घर आकर अन्य वारदात को अंजाम देते है। थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्तगण मौज मस्ती व नशे का शौक पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते है।

### युवक की संदिग्ध मौत

**करौली ।** करौली के निकट सायपुर गांव में शुक्रवार प्रात: एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने रिश्तेदार के खेत में बाजरे की फसल में खाद डालने गया था। अमित चतुर्वेदी 26 शुक्रवार प्रात: 6:00 बजे गुनेसरी गांव में अपने रिश्तेदार के खेत में बाजरे की फसल में खाद डालने गया था। वहीं अचानक उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार अमित अविवाहित था और परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। मृतक का परिवार पूरी तरह खेती-किसानी पर निर्भर है। घर में वही अकेले युवक था जो खेतों में काम करता था। अचानक हुई इस मौत से परिवार को बड़ा आघात पहुंचा है। सूचना मिलने पर करौली सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करौली जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाते हुए चिकित्सक कि टीम से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दो पक्षों में मारपीट, 7 घायल

**कोटपूतली।** जिले के बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में जमीनी विवाद को लेकर हुये दो सगे भाईयों के पक्षों में शुक्रवार को आपसी मारपीट हो गई। इस दौरान हुये झगड़े में कुल 07 जने घायल हो गये। जिन्हें घायल होने पर बानसूर थाना पुलिस ने कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि मारपीट में घायल बृजमोहन (25) पुत्र करण सिंह, राजेष देवी (55) पत्नी करण सिंह, करण सिंह (55) पुत्र धन सिंह, उदयभान सिंह (24) पुत्र करण सिंह, गुलाब सिंह (50) पुत्र धन सिंह, सुरेष सिंह (22) पुत्र गुलाब सिंह, पप्पु सिंह (25) पुत्र गुलाब सिंह आदि घायल हो गये। जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इनमें से गुलाब सिंह की हालत बिगड़ने पर जयपुर रैफर कर दिया गया।

# 33 हाजिरी रजिस्टरो में 127 अधिकारी-कर्मचारी नदारद मिले

**राजगढ़ ।** शासन सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देशन में शुक्रवार को उप शासन सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सूर्य बहादुर वर्मा के नेतृत्व में सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। टीम की

- विभिन्न विभागों के 48 राजपत्रित अधिकारियों में से 20 अधिकारी अनुपस्थित मिले

ओर से आनंन फानन में में सभी विभागों से रजिस्टर कब्जे में लेने की कार्रवाई से कर्मचारी सकते में पड़ गए। कार्रवाई की कस्बे में चर्चा प्रमुखता से रही। राजकीय विभागों के 33 हाजिरी रजिस्टरो में 127 अधिकारी कर्मचारी नदारद मिले। इससे पूर्व उप शासन सचिव सूर्य बहादुर वर्मा, सुनील कुमार शर्मा सहायक शासन सचिव, महेंद्र कुमार सरावता अनुभागाधिकारी, एवं चेलाराम भदाला सहायक अनुभागा धिकारी की ओर से शुक्रवार प्रात 9:45 दो टीमों ने राजगढ़ के कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल की



अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सूर्य बहादुर वर्मा के नेतृत्व में सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया।

कार्रवाई में विभिन्न विभागों के 48 राजपत्रित अधिकारियों में से 20 अधिकारी अनुपस्थित मिले जिनका प्रतिशत 41.66 एवं 279 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 107 अराजपत्रित कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जो की प्रतिशत के हिसाब से 38.35 है। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाहीकी रिपोर्ट तैयार की गई है। निरीक्षण दल की ओर से राजकीय कार्यालयों के हाजिरी रजिस्टर जप्त करने की कार्रवाई से राजगढ़ कस्बे के कर्मचारियों में भाग दौड़ का आलम रहा। उप शासन सचिव सूर्य बहादुर वर्मा ने बारीकी से तहसील कार्यालय, उपकोष कार्यालय, रजिस्ट्री शाखा, ब्लॉक कानूनगो कार्यालय एवं उपखंड कार्यालय सहित पंचायत समिति परिसर का निरीक्षण किया। साफ सफाई एवं बस्तो में बंद पड़े रिकॉर्ड का उचित निराकरण करने सहित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सामुदायिक चिकित्सालय एवं तहसील सहित सभी विभागों के हाजिरी रजिस्टर को कब्जे प्रशासनिक सुधार टीम के राजगढ़ में आगमन की सूचना को लेकर लेट लतीफ आने वाले कर्मचारियों में हड़कंप का आलम रहा।

# उद्यमों के वित्त पोषण पर चर्चा

**कोटपूतली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 24 व 25 जुलाई को कोटपूतली-बहरोड़ जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वित्तपोषित करने वाली बैंक शाखाओं के अधिकारियों के लिये क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के उपमहाप्रबंधक विकास अग्रवाल ने किया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर से प्रबंधक गौरव सोमनाथ धूत, पंजाब नेशनल बैंक से क्षेत्रीय प्रबन्धक श्वेतांक कुमार एवं जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई से डील करने वाले बैंक अधिकारियों में एमएसएमई को वित्तपोषित करने से संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। कार्यशाला में कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, सीकर, झुंझुनू, दौसा, करौली, धौलपुर, अलवर, भरतपुर, डिग एवं जयपुर जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के एमएसएमई से डील करने वाले लगभग 65 बैंकर्स ने सहभागिता की। इस दौरान एमएसएमई पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश भारत सरकार द्वारा हाल ही में की गई पहल के प्रतिनिधि द्वारा क्रेडिट रेटिंग के प्रतिनिधि द्वारा एनपीए प्रबंधन आदि विषयों पर सत्र आयोजित किये गये।

# किसानों व व्यापारियों को उद्योग लगाने के लिए जागरूक किया

**किशनगढ़ बास।** कृषि उपज मण्डी समिति सभागार मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर किसानों एवं व्यापारियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। किशनगढ़ बास कृषि उपज मंडी सचिव नेहा यादव ने बताया कि शुक्रवार को खैरथल कृषि उपज मंडी सचिव राजेश कर्दम की अध्यक्षता में किसानों एवं व्यापारियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला में सचिव राजेश कर्दम ने योजना के तहत व्यापारियो एंव किसानों को सूक्ष्म खाद्य उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया। योजना के तहत सूक्ष्म कृषि प्रसंस्करण इकाई उन्नयन के लिए अथवा नवीन सूक्ष्म कृषि प्रसंस्करण की स्थापना पर प्रोजेक्ट लागत की 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रू. वित्तीय अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान की जानकारी दी । इस दौरान उन्होंने योजना के अन्तर्गत स्थापित किये जा सकने वाले सम्भावित उद्योग अचार, पापड, बडी, ब्रेड, बिस्किट, चिप्स, कुरकुरे, जैम/जैली, साबूदाना, पेठा,

- अनाज मंडी किशनगढ़ बास में कृषि उपज मंडी समिति की ओर से शिविर आयोजन किया गया । शिविर में खैरथल किशनगढ बास के कृषि मंडी अधिकारी मौजूद रहे ।
- शिविर में बिस्किट, चिप्स, कुरकुरे, जैम/जैली, साबूदाना, पेठा आदि के उद्योग लगाने के बारे में जानकारी दी ।

नमकीन, सेवई, आईस कैन्डी, सत्तू, दाल पनीर, गजक, पोटेटो फेचफाई, हल्दी, पोहा, शहद, कैचअप, पास्ता, मैकोनी, आईसकीम, केक, टोस्ट, घी, नूडल्स, पोपकॉर्न, पतासा निर्माण के उद्योग सम्मलित बताए। इसके अतिरिक्त आटा चक्की उद्योग, गुड उत्पादन, लहसून, प्याज, अदरक, पेस्ट निर्माण मिठाई (रसगुल्ला, गुलाब जामून) तेल मील प्लान्ट उद्योग, ब्राईट फूट निर्माण, मसाला उत्पादन आदि सूक्ष्म कृषि प्रसंस्करण इकाई स्थापित किये जाने के बारे में बताया। उन्होंने ने लोगो को योजना की सम्पूर्ण जानकारी देते हुये आवेदन की प्रकिया के बारे में अवगत कराया। पीएनबी बैंक के अधिकारी रजत वनजारी ने योजना के संबंध में ऑन लाईन आवेदन किये जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सचिव नेहा यादव ने योजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की साथ ही योजना का हितबद्ध व्यक्तियो तक प्रचार प्रसार करने हेतु निवेदन किया। इस मौके पर राजेश चन्द कर्दम सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल, नेहा यादव सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, किशनगढबास, पीएनबी बैंक अधिकारी रजत वनजारी, अनाज मंडी व्यापारी गिर्राज प्रसाद गुप्ता एवं अभयसिंह यादव उपाध्यक्ष व्यापार समिति, उमेशचन्द जैन, विकास गोयल, मांगीलाल, बनवारी लाल, जगदीश प्रसाद, प्रेमचन्द गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, आदि व्यापारी व कृषक वर्ग उपस्थित रहे।

# जर्जर भवनों को चिन्हित कर शिफ्ट करने के निर्देश

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जर्जर मकानों का सघन सर्वे कर क्षितग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने व उनको तत्काल वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिये हैं तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को 7 दिन में जिले में ढीली विद्युत लाइन, नीचे ट्रांसफार्मर, टेडे विद्युत पोल इत्यादि को दुरुस्त करवा कर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था सुचारू होने का सर्टिफिकेट जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मानसून से पूर्व जारी विस्तृत आदेशों के क्रम में जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जर्जर भवनों का तत्काल पुन: सर्वे प्रारम्भ कर जीर्ण-शीर्ण पाए गए भवनों को वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु जिला

- 7 दिवस में विद्युत लाइन, विद्युत पोल इत्यादि को दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया।

परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व उपखंड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों का तत्काल सघन सर्वे प्रारम्भ कर क्षितग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने के निर्देश दिए तथा इनका उपयोग बच्चों को बैठाने व अन्य किसी भी गतिविधि में ना हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा जीर्ण-शीर्ण पाए गए विद्यालयों एवं आंगनबाडी भवनों से बच्चों को वैकल्पिक व सुरक्षित भवन चिन्हित कर उनमें शिफ्ट करावे। इसी प्रकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जीर्ण-शीर्ण भवनों से भी परिवारों को शिफ्ट करावे। उन्होंने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में आवागमन के रास्तों को दुरूस्त करावे और उनमें जल भराव नहीं हो इस बात का ध्यान रखें। जिला कलेक्टर ने मानसून पूर्व विद्युत विभाग को जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया है कि जिले में 7 दिन के अंदर व्यापक सर्वे के माध्यम से विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल इत्यादि को निर्धारित मापदंडों के अनुसार दुरस्त करवाकर प्रत्येक क्षेत्र के लिए दुरुस्तीकरण पूर्ण करने सर्टिफिकेट संबंधित सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियन्ता से लेकर प्रस्तुत करें। सर्वे व दुरूस्तीकरण कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

# न्यायिक कर्मचारियों ने रैली निकाली

**अलवर।** राजगढ़ में राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ उपशाखा राजगढ़ के बैनर तले न्यायालय के कर्मचारियों ने शुक्रवार को कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पहले कोर्ट परिसर में धरना दिया और फिर रैली निकालकर अपनी मांगों को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की।

न्यायिक कर्मचारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वर्षों से कैडर पुनर्गठन की मांग लंबित है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे कर्मचारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं और न्याय व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उनके योग्य लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लिया और एकजुटता के साथ सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की । इस सामूहिक अवकाश और प्रदर्शन के कारण राजगढ़ न्यायालय में नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। जमानत याचिकाओं, दस्तावेज सत्यापन और अन्य न्यायिक प्रक्रियाएं बाधित रहीं ।

# रात्रि चौपाल में चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित अन्य मामलों पर सुनवाई

**बौंली -बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने ग्राम पंचायत रांवल के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल की अध्यक्षता करते

- फसल बीमा योजना में किसान 31 जुलाई तक बीमा करवा कर लाभ ले सकते हैं

हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए । जिला कलेक्टर कानाराम ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान 31 जुलाई तक बीमा करवा कर लाभ ले सकते हैं, उन्होंने कृषि विभाग के उपनिदेशक राकेश कुमार अटल को निर्देशित करते हुए ग्रामीण



सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने ग्राम पंचायत रांवल के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल की अध्यक्षता की।

क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर योजनाओं का टोल फ्री नंबर 14447 एप पर फसल एवं नुकसान की सूचना देने की समय सीमा का प्रचार प्रसार कराने, तारबंदी, फार्म पोंड व पाइप लाइन जैसी योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा सेवाओं पर चर्चा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिल जैमिनी को आगामी रात्रि चौपाल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आरोग्य कार्ड मौके पर ही वितरित कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



पंत का फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरना 2002 में अनिल कुंबले का टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी करते हुए ब्रायन लारा को आउट करने की तरह याद रखा जाएगा।

– संजय मांजरेकर

**पूर्व भारतीय खिलाड़ी, पंत की साहस की तारीफ करते हुए।**

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## वेदा कृष्णमूर्ति



